RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 236
हिसार | शुक्रवार, 24 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6

## हरियाणा भाजपा मिशन 2024 में जुटी



**-पाठकपक्ष न्यूज-** हरियाणा बीजेपी की आज बड़ी बैठक पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हुई। बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मौजूद रहे। इसके साथ ही बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी और संगठन मंत्री फडीन्द्रद्रनाथ शर्मा शामिल हुए।




## फाइनेंसर ने फूंका कर्जदार का घर

### सीसीटीवी से पता चला आग किसने लगाई, फिर कराया केस दर्ज



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 नवम्बर :** हिसार में फाइनेंसर ने कर्ज लेने वाले व्यक्ति के घर में आग लगा दी। जिससे घरेलू सामान के साथ कैश भी जल गया और गहने भी आग से पिघल गए। यहां तक कि बच्चों की डिग्रियां भी जल गई। मामले का खुलासा पड़ोसी के मकान में लगे सीसीटीवी से हुआ। इसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत कर दी है। आरोपी फाइनेंसर भी उसके पड़ोस में ही रहता है। जिस वक्त यह घटना हुई, हिसार के सूर्य नगर में रहने वाले ओमप्रकाश अपने परिवार के साथ छठ पूजा के लिए सात रोड नहर गया था। परिवार वापस लौटा तो घर का सारा सामान जला हुआ मिला। सीसीटीवी में आरोपी फाइनेंसर छत से आते और आग लगाने के बाद वापस जाते हुए नजर आ गया। फिलहाल एचटीएम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता ओम प्रकाश ने बताया कि वह अंडों की रेहड़ी लगाता है। 21 नवंबर को प्रातः 4:00 बजे वह अपने परिवार के साथ छठ पूजा के लिए सातरोड नहर गया था। जब हम घाट से समय करीब 7 सुबह घर पर वापस आए तो मैंने देखा कि मेरे घर पर सारी जगह आग लगी हुई थी। तब मुझे आग लगने का कारण समझ नहीं आया कि आग कैसे लगी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके मकान के सामने मोनू के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को चैक किया तो पता चला कि घर में आग राहुल ने लगाई है, जो उसका पड़ोसी है। पड़ोसी राहुल साथ लगती छत से उनके घर में सीढ़ियों से दाखिल हुआ और आग लगा दी।

## शादी समारोह से कन्यादान का बैग चुराकर युवक फरार

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 नवम्बर :** हिसार की महावीर कॉलोनी में शादी समारोह में कन्यादान का बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। बैग में करीब 40000 रूपए थे। शिकायतकर्ता शिव ने बताया कि पड़ोस का रहने वाला जोंटी नाम का लड़का बिना बुलाए शादी में आया था। इस दौरान चकमा देकर वह कन्यादान का बैग चुरा कर ले गया। फिलहाल 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने धारा 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी। शिकायतकर्ता शिव ने बताया कि उसकी बहन की शादी थी। इस दौरान गली में ही टेंट लगाया हुआ था। इस दौरान पड़ोस का रहने वाला एक लड़का जोंटी शादी में बिना बुलाए आ गया। इस दौरान उसका जीजा शादी समारोह में कन्यादान लिख रहा था उन्हीं के पास पैसों से भरा बैग रखा हुआ था। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी लड़का दो-तीन घंटा से उसके जीजा के आसपास घूम रहा था मौका मिलते ही वह पैसों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। बैग में कन्यादान की राशि 25913 रुपए तथा कुछ पहले के 15000 रुपए थे। फिलहाल 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने आरोपी लड़के के खिलाफ धारा 380 के तहत मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

## बैंकाक में मोहन भागवत ने कहा, हिंदुत्व की ओर देख रहा विश्व, अपने साथी हिंदुओं और दुनिया के साथ संपर्क बनाइए

**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 24 नवम्बर :** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद के प्रयोगों से लड़खड़ा रही दुनिया को भारत खुशी और संतुष्टि का रास्ता दिखाएगा। थाईलैंड की राजधानी में तीसरे विश्व हिंदू कांग्रेस (डब्ल्यूएचसी) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भागवत ने दुनिया भर के हिंदुओं से एक-दूसरे तक पहुंचने और दुनिया के साथ जुड़ने की अपील की। उन्होंने दुनिया भर के विचारकों, कार्यकर्ताओं, नेताओं और उद्यमियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हर हिंदू तक पहुंचना है, जुड़ना है। और हिंदू मिलकर दुनिया में हर किसी को जोड़ेंगे। जैसे-जैसे हिंदू अधिक संख्या में जुड़े हैं, दुनिया से जुड़ने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने, विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद, यह महसूस किया है और यह सोचने में एकमत है कि भारत खुशी और संतुष्टि का मार्ग प्रदान करेगा। भागवत ने कहा कि दुनिया अब खुशी की तलाश में भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद के प्रयोगों के बाद लड़खड़ा रही है और अब हिंदू धर्म की ओर रुख कर रही है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया लड़खड़ा रही है। 2,000 वर्षों तक



उन्होंने खुशी, आनंद और शांति लाने के लिए कई प्रयोग किए हैं। उन्होंने भौतिकवाद, साम्यवाद और पूंजीवाद की कोशिश की है। उन्होंने विभिन्न धर्मों को आजमाया है। उन्होंने भौतिक समृद्धि मान ली है। लेकिन कोई संतुष्टि नहीं है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि कोविड काल के बाद, उन्होंने पुनर्विचार करना शुरू कर दिया है। ऐसा लगता है कि वे इस सोच में एकमत हैं कि भारत रास्ता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हमें हर किसी के पास जाकर संपर्क करना है, उससे जुड़ना है और अपनी सेवा से उसे अपने पास लाना है। हमारे पास वह भावना है। निःस्वार्थ सेवा के मामले में हम दुनिया भर में आगे हैं। यह हमारी परंपरा और मूल्यों में है। तो, आगे बढ़ें और दिलों के अलावा कुछ नहीं जीतें। तीन दिवसीय सम्मेलन प्रतिनिधियों को दुनिया भर में हिंदुओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगा।

## राजौरी मुठभेड़ पर सेना का बड़ा बयान, कुछ आतंकवादी रिटायर पाकिस्तानी सैनिक थे

**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली 24 नवम्बर :** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि राजौरी जिले में मुठभेड़ में शामिल कुछ आतंकवादी सेवानिवृत्त पाकिस्तानी सैनिक थे। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए पांच जवानों को केंद्र शासित प्रदेश के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, सेना के अधिकारियों और पुलिस ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। पांचों जवानों के पार्थिव शरीर राजौरी से जम्मू के आर्मी जनरल अस्पताल लाये गये, जहां पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। दरमसाल के बाजीमल इलाके में बुधवार और बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों के साथ 36 घंटे तक चली मुठभेड़ में अफगानिस्तान में प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गये।

## कुमारी सैलजा हिसार की शान, लड़ें किसी भी विधानसभा सीट से चुनाव, होगी भारी मतों से जीत : रामनिवास राड़ा

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 नवम्बर :** विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी, वरिष्ठ नेता व प्रमुख समाजसेवी रामनिवास राड़ा ने कहा कि कांग्रेस महासचिव, प्रभारी छतीसगढ़, कांग्रेस की सर्वोच्च कमेटी सीडब्ल्यूसी की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय केबिनेट मंत्री कुमारी सैलजा द्वारा विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की गई है। इसी के मद्देनजर यह स्पष्ट है की वह जिला हिसार की किसी भी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ें, भारी मतों के अंतर से विजयी होंगी। राड़ा ने यह बात गत दिवस कुमारी सैलजा के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों के बीच कही। राड़ा ने कहा कि कुमारी सैलजा हरियाणा ही नहीं पूरे भारत देश की अत्यंत लोकप्रिय नेता है और जिला हिसार तो उनका गृह जिला ओर जन्म भूमि है। इसी के मद्देनजर वह कहीं से भी सिर्फ नामांकन भरें उन्हें



हिसार दौरे के दौरान शहर में अनेकों सामाजिक कार्यक्रमों में पहुंची कुमारी सैलजा व साथ में उपस्थित रामनिवास राड़ा हिसार।

जिताने का काम नेता, कर्मठ कार्यकर्ता व स्थानिय जनता करेगी। राड़ा ने कहा कि कुमारी सैलजा कांग्रेस हाईकमान की सबसे विश्वास पात्र नेताओं में से एक हैं। उन्होंने पद को कभी भी सर्वोपनि न मानते हुए हमेशा पार्टी को मजबूत करना सर्वोपरि माना है। हरियाणा प्रदेश की 36 बिरादरी की भी इस बार यही मांग है की हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बने जिसका नेतृत्व कुमारी सैलजा करें, क्योंकि वह एक जमीन से जुड़ी हुई अत्यंत ईमानदार व बेदाग राजनेता है ओर अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं का बेहद मान सम्मान करती हैं। राड़ा ने कहा कि आज के दिन हरियाणा में सबसे लोकप्रिय कोई नेता है तो वह कुमारी सैलजा हैं, जिन्हें जनता भी स्वीकार करती है और हिसार की जनता उनका पलकें बिछा कर स्वागत में सदैव तैयार है की वह आगामी विधानसभा चुनाव लड़ कांग्रेस सरकार की मुख्यमंत्री बनें और हिसार जो मौजूदा सरकार में काफ़ी पिछड़ गया है वह एक बार फिर से प्रगति की राह पर चले। कुमारी सैलजा ने अपने लम्बे राजनितिक जीवन में हमेशा उसूलों की राजनीती की है। इतना लम्बा समय होने के बाद भी उनकी गिनती एक ईमानदार, स्वछ, पार्टी के प्रति समर्पित व बेदाग छवि की धनी के रूप में होती है। राड़ा ने भी कुमारी सैलजा से आग्रह करते हुए कहा है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव हिसार कि किसी भी सीट से जरूर लड़ें और हरियाणा की जनता का मार्गदर्शन करें।

### यह क्या कह गए योगी सहजानंद जी?

## क्या हम सामूहिक आत्महत्या की और बढ़ रहे हैं?

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 नवम्बर :** मिशन ग्रीन फाउंडेशन के संस्थापक चेयरमैन योगी सहजानंद ने चेतावनी दी है कि यदि जनता और सरकारों ने मिलकर पर्यावरण की सुरक्षा नहीं की तो कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक महामारी का सामना करना पड़ेगा और प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन अपने साथ ऑक्सीजन का सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा। कोविड के दौरान ज्यादा मौतें ऑक्सीजन की कमी के कारण हुई थी। बढ़ते वाहनों, पराली को जलाने, कूड़ा करकट को जलाने तथा कारखानों से उठने वाले जहरीले धुएं ने वातावरण को गैस चैंबर में तब्दील कर दिया है।




छात्र, शिक्षक, समाज सेवी संस्थान तथा अधिकारी वर्ग पर्यावरण को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। रोग और रोगियों की बढ़ती हुई संख्या हमें सचेत कर रही है कि समय रहते हम संभल जाएं।

(पूरा समाचार सुनिए फेसबुक के Pathak Paksh पेज पर)

## ई रिक्शा चालक द्वारा होरन बजाने पर दो युवकों ने चालक के सिर में मारी ईंट, चालक घायल



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 24 नवम्बर :** शांति नगर में ई रिक्शा चालक द्वारा होरन बजाने पर दो युवकों ने ई रिक्शा चालक के सिर में ईंट मार दी। आरोप है कि इस दौरान हमलावर बुजुर्ग ई रिक्शा चालक को अपने घर में घसीट कर ले गए और उसके साथ मारपीट की। आसपास के लोग इकट्ठा हुए झगड़ा शांत करवाया। इस दौरान घायल ई रिक्शा चालक स्वयं ई रिक्शा लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचा। घायल जगजीत ने बताया कि वह सुबह 6:00 बजे घर से ई रिक्शा लेकर बस स्टैंड जा रहा था। इसी दौरान गली में दो भाई आपस में लड़ रहे थे। जब होरन बजाकर रास्ता मांगा तो दोनों भाइयों ने होरन बजाने को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान एक युवक ने माथे पर ईट मार दी। घायल के अनुसार इसके बाद दोनों भाई उसे घसीट कर घर ले गए और उसके साथ मारपीट की। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और झगड़े को शांत कराया। घायल की पत्नी ईश्वर देवी ने बताया कि वह सुबह-सुबह मंदिर में सत्संग में गई थी। घटना के बारे में पता लगा तो वह है घर पहुंची तो उसका पति गली में घायल अवस्था में था। इस दौरान हमलावरों ने ई-रिक्शा का ईट मार कर शीशा भी तोड़ दिया। घायल जगजीत सिंह ई रिक्शा चला कर नागरिक अस्पताल में पहुंचा फिलहाल घायल जगजीत के माथे पर चोट आई है मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।









# सम्पादकीय..........

## सभी देशों को अपनी जिम्मेवारी समझनी होगी

अमेरिका में खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश नाकाम किए जाने की खबर और इसमें कथित तौर पर भारत का हाथ होने का संदेह निश्चित रूप से एक बेहद गंभीर मामला है। लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण है यह देखना कि ऐसे गंभीर मामलों से कैसे निपटते हैं। चूंकि यह मामला कनाडा के निज्जर हत्या प्रकरण के कुछ ही समय बाद आया है, इसलिए दोनों की तुलना स्वाभाविक है। निज्जर हत्या के मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने देश की संसद में घोषणा कर दी कि इसमें भारत सरकार का हाथ होने के 'विश्वसनीय आरोप' हैं। हालांकि अपने उस विश्वसनीय आरोप के पक्ष में कोई सबूत उनकी सरकार अभी तक पेश नहीं कर पाई है। इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये ने न केवल दोनों देशों के रिश्तों को गंभीर नुकसान पहुंचाया बल्कि दुनिया भर में फैले भारतीयों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई। इसके विपरीत अमेरिका ने ऐसी सूचनाएं मिलने पर हाय-तौबा मचाने के बजाय सर्वोच्च स्तर पर भारत के साथ यह मसला उठाया। स्वाभाविक ही भारत सरकार ने इस पर हैरत और चिंता जताई और यह स्पष्ट किया कि इस तरह की गतिविधियां उसकी पॉलिसी नहीं है। लेकिन भारत सरकार के लिए यह पता करना जरूरी है कि ऐसी पॉलिसी न होने के बावजूद अगर विदेशी भूमि पर हत्या की साजिश में किसी तरह से उसकी प्रत्यक्ष या परोक्ष भूमिका की बात आ रही है तो फिर उसका कारण क्या है। अगर इसके पीछे किसी तरह की देशी-विदेशी साजिश है तो उसे भी जल्द से जल्द बेनकाब करना हमारे राष्ट्रीय हित में है। आखिर भारत को बदनाम करने, उसकी अंतरराष्ट्रीय साख को खतरे में डालने के पीछे कौन लोग हैं, वे किन देशों और एजेंसियों से जुड़े हैं इसका खुलासा तो होना ही चाहिए। अमेरिकी सरकार के संयत और जिम्मेदार रवैये का ही परिणाम है कि दोनों देशों की एजेंसियां इस मामले की जांच में जुटी हुई हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही इस मामले की सचाई सामने आएगी। लेकिन इस मामले के दूसरे अहम पहलू को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वह है विदेशी जमीन पर भारत की क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देने और उसके खिलाफ हिंसा भड़काने की बातें करने वाले तत्वों को मिली खुली छूट। कनाडा और अमेरिका की दोहरी नागरिकता रखने वाला गुरपतवंत सिंह पन्नू ऐसा ही एक शख्स है जिसे भारत सरकार बाकायदा आतंकवादी घोषित कर चुकी है। इसी महीने उसने सोशल मीडिया पर विडियो जारी कर धमकी दी थी कि 19 नवंबर के बाद एयर इंडिया में यात्रा करना खतरनाक होगा। वह गैर सिख भारतीयों को कनाडा और अमेरिका छोड़ने का अल्टीमेटम भी देता रहा है। अलग स्वतंत्र खालिस्तान के लिए कथित जनमत संग्रह करवाना तो उसका प्रिय शगल हो चुका है। हत्या की साजिश की जांच हो रही है, होनी भी चाहिए। लेकिन पन्नू जैसे लोगों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की अपनी जिम्मेदारी भी संबंधित देशों और सरकारों को समझनी होगी।

# बच्चों को स्ट्रॉन्ग, रिच या इंटेलिजेंट बनाना है तो सबसे पहले दें ये शिक्षा

**अध्यात्म**

कई परिस्थितियां अचानक आती हैं। उनका सामना और समाधान करने के लिए सही समझ और शक्ति चाहिए। बाहरी संकटों का मुकाबला करने के लिए बाहरी दुनिया का ज्ञान और मनोबल चाहिए। आंतरिक चुनौतियों से निपटने के लिए आध्यात्मिक ज्ञान और आत्मबल चाहिए। इसे स्पिरिचुअल एजुकेशन कहते हैं। यह एजुकेशन उन्हें चाहिए जो मानसिक और भावनात्मक स्तर पर स्वस्थ और सक्षम होना चाहते हैं, अपने घर-परिवार, समाज और संसार को बेहतर बनाना चाहते हैं।

आजकल मेंटल हेल्थ की समस्याएं ज्यादा देखने को मिल रही हैं। एंग्जाइटी, पैनिक अटैक, स्ट्रेस डिसऑर्डर से लोग परेशान हैं। इन तनाव जनित समस्याओं का समाधान नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा में ही है। इससे व्यक्ति का आंतरिक सशक्तीकरण होता है। यह शिक्षा स्कूल और कॉलेजों के स्टूडेंट्स सहित पैरेंट्स और टीचर्स के लिए भी आवश्यक है, क्योंकि टीचर और पैरेंट्स जब बच्चों को मेडिटेशन करने की सलाह देते हैं, तो पहले उन्हें मेडिटेशन का अनुभव होना चाहिए। यही आध्यात्मिक शिक्षा है और यह एक संस्कार है, जो घर की ऊर्जा बनाता और बढ़ाता है। परिवार में अच्छे संस्कार और संस्कृति को विकसित करता है। घर की संस्कृति से पूरे देश और मानवता की संस्कृति बनती है। श्रेष्ठ संस्कारों से ही संसार श्रेष्ठ बनता है।

असल में, संस्कार की शुरुआत हमारे संकल्प से होती है। हर थॉट से हमारी फीलिंग्स और भावनाएं बनती हैं। हमारी अच्छी या बुरी सोच और भावना से हमारा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा या बुरा होता है। हमारी हर सोच एक ऊर्जा है। इस ऊर्जा का प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है। शरीर की हर कोशिका हमारे थॉट को रिसीव करती है। जिस तरह की एनर्जी हम अपने शरीर को देंगे, वैसे ही उसका स्वास्थ्य बनेगा। हेल्दी बॉडी के लिए हेल्थी माइंड चाहिए। हेल्थ के लिए संतुलित डाइट, नियमित एक्सरसाइज और पर्याप्त नींद के साथ हेल्दी थॉट्स और चिंतन भी चाहिए।

हमारी सेहत हमारे थॉट से जुड़ी है। जिनके बारे में हम सोचते हैं, उन्हीं के पास हमारी थॉट एनर्जी जाती है। इसलिए रिश्ते भी हमारे थॉट से बनते या बिगड़ते हैं। एक-दूसरे के लिए हम जो सोचते हैं, उससे रिश्ते बनते हैं। सोच बदलें, तो रिश्ते ठीक हो जाते हैं। इसी तरह हमारे हर थॉट से वृत्ति और वृत्ति से वातावरण बनता है। आज पर्यावरण प्रदूषण विश्व की एक बड़ी समस्या है। बाहरी दुनिया में केमिकल पलूशन है, तो अंतर्मन में इमोशनल पलूशन है। हमारे घर की एनर्जी, घर में रहने वालों के मन की टोटल एनर्जी है। उस एनर्जी में हमें रहना है, बच्चों को पालना और बड़ा करना है। तो घर की एनर्जी ऐसी बनाएं जो आपके पड़ोसी भी मन की शांति के लिए दो मिनट आपके घर में बैठना चाहें। तब घर की और मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे की एनर्जी में कोई फर्क नहीं होगा। आखिर यही लोग हैं जो मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे में जाते हैं, तो अच्छा सोचते हैं, मीठा बोलते हैं।

इसलिए हमें शुभ और शुद्ध संकल्पों से घर को मंदिर और गृहस्थ आश्रम बनाना है। बच्चों को स्ट्रॉन्ग बनाना है, सिर्फ रिच या इंटेलिजेंट नहीं। उनके मन, बुद्धि, दृष्टि, वृत्ति और संस्कारों को भी सभ्य, शालीन, समृद्ध व सुखदायी बनाना है। अच्छे संस्कारों से ही सबके संसार को अच्छा बनाना है। अगर अपने जीवन, परिवार, व्यवसाय, समाज, प्रकृति और पर्यावरण को सुंदर और बेहतर बनाना है, तो हमें आध्यात्मिक ज्ञान, राजयोग मेडिटेशन और मानवीय मूल्यों को अपनाना होगा। उससे हमारे संकल्प, स्वभाव और संस्कार स्वच्छ, सात्विक, सकारात्मक व सुखदायी होंगे।

# सुण मौल्लड़ की



अबकी बार चुनावी नतीजे हैरान करने वाले होंगे।

मुद्दे बदल गये।

# कैसा रहेगा आपका कल



**मेष :** भावनात्मक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। जल्दबाजी में कोई भी फैसला लेने से बचें। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा।

**वृषभ :** आंखों व पैरों का ध्यान रखें, चोट लगने की संभावना। क्रय-विक्रय के कार्य से जुड़े लोग सावधानी रखें। अनावश्यक खर्चे परेशान कर सकते हैं। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**मिथुन :** व्यापारियों को धन लाभ होगा। लोगों का सहयोग मिलेगा। बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में वर्चस्व बढ़ेगा। रोजगार के इच्छित अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक जीवन में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह :** धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। बौद्धिक कार्य से जुड़े लोगों को लाभ होगा। धार्मिक यात्रा होने की संभावना।

**कन्या :** मन में तनाव बना रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**तुला :** मन में उत्साह बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। घर व सामान का विशेष ध्यान रखें, चोरी होने की संभावना। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**धनु :** शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। ज्ञान में वृद्धि होगी।

**मकर :** कार्यों में अवरोध उत्पन्न होंगे। यात्रा में सावधानी बरतें। उधार के लेन-देन से बचें। लक्ष्मी माता की पूजा करें।


**कुंभ :** व्यापार में सफलता मिलेगी। शत्रु परास्त होंगे। पुरानी बीमारी से राहत मिलेगी।

**मीन :** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। खान-पान का ध्यान रखें, पेट संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। पड़ोसियों के साथ संबंध मधुर रखें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# श्री काली देवी विद्या मंदिर के छात्र अश्विनी ने सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 24 नवम्बर :** श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी के छात्र अश्विनी ने सीबीएसई के तत्वाधान में महेंद्रगढ़ में आयोजित सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 के अंतर्गत 17 आयु वर्ग के 75 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया है। इस चैंपियनशिप में कुल 28 राज्यों और 6 अन्य देशों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती गीता मेहता ने इस अवसर पर रजत पदक विजेता अश्विनी को हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सफलता के साथ अश्विनी ने ना ही सिर्फ अपने परिश्रम और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है, बल्कि हमारे विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है।

# ताकत की जरूरत तब होती है जब कुछ बुरा करना होता है, वरना दुनिया में सब कुछ पाने के लिए प्रेम ही पर्याप्त है!

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



जीवन की पाठशाला हमें रोज़ नये पाठ पढ़ाती है,हम चाहे तो अपने अनुभव से बहुत कुछ सीख सकते हैं। लेकिन हम तो दूसरों को देखते रहते हैं कि फलां हम से आगे निकल गया या फिर हम दूसरों से आगे निकल आए हैं, हम अपने आप को जानने और मापने की बजाय दूसरों के संदर्भ में अपना मूल्यांकन करते रहते हैं। हम दूसरों की नजरों में महान बनना चाहते हैं, दूसरों को सिद्ध करके बताना चाहते हैं कि हम भी कुछ है, हम किसी से कम नहीं है आदि, जबकि वास्तव में महान बनने के लिए अपने आप को छोटा करना पड़ता है। एक युवक अपनी पढ़ाई पूरी कर लेने के बाद महान बनना चाहता था। उसने महान व्यक्तियों की जीवनियां पढ़ी, पर कुछ समझ नहीं आया। किसी ने कहा कि तुम महान व्यक्तियों का सानिध्य करो। अब वह साहित्यकार, कलाकार, विचारकों और समाजसेवकों के संपर्क में रहने लगा, परंतु उसे उनमें भी कोई न कोई दोष दिखाई दे जाता था।वह निराश होकर एक पेड़ के नीचे बैठ गया। उसने देखा कि एक अधेड़ उम्र का तेजस्वी व्यक्ति उधर से गुजर रहा था।उस व्यक्ति ने युवक को उदास और हताश देखकर उससे पूछा कि तुम जीवन से निराश लगते हो, बात क्या है? युवक ने कहा कि वह विद्वान व महान बनने की विधि जाननी है परंतु कोई बता ही नहीं रहा।उस अधेड़ व्यक्ति ने कहा कि विद्वान बनने के लिए ज्ञान जिज्ञासु नहीं, ज्ञान पिपासु बने मतलब ज्ञान दूसरों को दिखाने के लिए नहीं, अपने अंदर ज्ञान की प्यास और क्षुधा शांत करने के लिए ज्ञान प्राप्त करें, फिर उसे कर्म में उतारे और महान बनने के लिए महान बनने की इच्छा को त्याग दो। युवक ने अचंभित हो कर कहा कि मैं आपकी बातों को समझ नहीं पा रहा हूं। उस व्यक्ति ने कहा कि विद्वान बनने के लिए पुरुषार्थी और महान बनने के लिए छोटा बनना पड़ता है। तुम अन्तिम बिंदु को देख रहे हो, शुरुआती कदमों को नहीं देख रहे हो और न ही उस प्रति प्रयासरत ही हो। युवक की आंखें खुल गईं, उसने उस अधेड़ व्यक्ति से कहा कि आप कोई विद्वान महापुरुष जान पड़ते हो! उस व्यक्ति ने कहा नहीं मैं कोई महान विद्वान अथवा महापुरुष नहीं, परंतु मैंने कई विद्वान तथा महापुरुष बनाएं है, बस जीवन में सबसे प्रेम करता हूं और मानता हूं कि जो प्रेम से संभव है उसके लिए पराक्रम क्यों दिखाना? सोचिए श्री कृष्ण एक छोटी अंगुली पर गोवर्धन उठा लेते हैं वहीं हल्की सी काठ की बांसुरी को उठाने के लिए दोनों हाथों का प्रयोग करते हैं, मतलब महान कार्य प्रेम से संभव होते हैं, पराक्रम से नहीं।

**-डॉ. कमलेश कली**

## कर्म का मर्म

# भारत की पहली महिला जासूस नीरा आर्या

नीरा आर्या बहुत कम उम्र में ही आजाद हिंद फौज में रानी झांसी रेजीमेंट की सिपाही बन गई थीं। इन्हें अंग्रेजों की जासूसी का काम दिया गया था। निर्देश था, यदि अंग्रेजों की पकड़ में आ जाएं तो बिना सोचे-समझे गोली मार कर खुद को शहीद कर लें। वह हिंदी, अंग्रेजी और बंगाली के अलावा अन्य भारतीय भाषाएं भी बोल लेती थीं। इनके पति सीआईडी इंस्पेक्टर श्रीकांत जयरंजन दास अंग्रेजों के लिए काम करते थे और उनके भक्त थे।



एक दिन अंग्रेजों ने श्रीकांत जयरंजन को नेताजी सुभाषचंद्र बोस को मारने की जिम्मेदारी दी। जयरंजन दास खुफिया तरीके से किसी तरह सुभाषचंद्र बोस के पास जा पहुंचे। वह उन्हें मारने ही वाले थे कि उनकी पत्नी नीरा ने उन्हें पहचान लिया। इससे पहले कि वह नेताजी को अपनी गोली का शिकार बनाते, नीरा ने तुरंत संगीन अपने पति जयरंजन दास के पेट में घोंप दी और उसे मौत के घाट उतार दिया। इस तरह नेताजी बच गए। नीरा की वीरता और त्याग देखकर नेताजी दंग रह गए। आजाद हिंद फौज के समर्पण के बाद नीरा को पति की हत्या के आरोप में काले पानी की सजा सुनाई गई। वहां उन्हें घोर यातनाएं दी गईं।

एक दिन जेलर ने उनसे पूछा, 'अगर तुम यह बता दो कि नेताजी कहां हैं तो हम तुम्हें छोड़ देंगे।' लेकिन उन्होंने किसी भी हालत में अपना मुंह नहीं खोला। नेताजी के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए उन पर बर्बर अत्याचार किए गए। लोहे की सलाखों से उनके शरीर को दागा गया, लेकिन उन्होंने उफ्फ तक न की। वर्ष 1947 में देश स्वतंत्र होने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। लेकिन उसके बाद भी जीवन कठिन ही बना रहा। उन्होंने फूल बेचकर जीवनयापन किया। 26 जुलाई 1998 को चारमीनार के पास एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। नीरा आर्या आज भी हर भारतीय के हृदय में जीवित हैं।

# फव्वारा चौक पर मनाई गई चौधरी छोटूराम की 143वीं जयंती



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** आज चौधरी छोटूराम जी की 143वीं जयंती फव्वारा चौक हिसार में उनकी प्रतिमा पर माला अर्पित कर और हवन कर मनाई गयी और उनके सिद्धांतों को एक बार फिर से याद किया गया और दोहराया गया। इस मौके पर भा.कि.यू प्रदेशाध्यक्ष चौ.दिलबाग सिंह हुड्डा लुदास, रामवीर ढांडा, विजय जागलान, अनूप आजाद नगर, देवेन्द्र मान, गायत्री देवी, प्रधान जोगिंदर, बलजीत, बलराज, रणबीर, बलवंत, सुरिन्दर, सतीश सेहरावत, चतर सिंह सूंडा, सतीश, भीम सिंह, महेंद्र, राजेश बेनीवाल, सुरिन्दर कुंडू, राजबीर, सुभाष आदि मौजूद रहे।

## सन्त शिरोमणि श्री गुरु रविदास महासभा (रजि.) हिसार
## आम चुनाव अधिसूचना

सन्त शिरोमणी श्री गुरु रविदास महासभा हिसार के सभी आजीवन सदस्यों को सूचित किया जाता है कि इस महासभा के 4 पदों के लिए त्रिवार्षिक आम चुनाव दिनांक 9.12.2023 (शनिवार) प्रातः 8:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक गुरु रविदास छात्रावास, सिरसा रोड, हिसार में होंगे।

**चुनाव कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| 1. नामांकन तिथि | दिनांक 1.12.2023 व 2.12.2023 दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक |
| 2(क) नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल | दिनांक 3.12.2023 प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक |
| (ख) नाम वापिस लेने की अवधि | दिनांक 3.12.2023 प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक |
| ग) चुनाव चिन्ह का वितरण | दिनांक 3.12.2023 दोपहर 2 बजे |
| 3. मतदान/मतगणना/परिणाम | दिनांक 9.12.2023 का प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक मतदान होगा। उसके तुरंत बाद मतगणना व परिणाम के घोषित किया जाएगा। |
| प्रतिभूति राशि | प्रधान पद के लिए 5000/- रुपए उपप्रधान, महासचिव, कैशयर पद के लिए 3000/-(प्रत्येक) चुनाव उपरांत प्रतिभूति राशि वापिस नहीं होगी। |

नोट : वोट के पात्र सभी सदस्य अपना-अपना फोटो पहचान पत्र अवश्य साथ लाएं

**रिटर्निंग अधिकारी**
**संत शिरोमणी श्री गुरु रविदास महासभा, हिसार**

**दिनांक : 23.11.2023**

**DHANWANTARI**
स्वस्थ भारत अभियान
**Ayurvedic Centre**

- शुगर
- मोटापा
- बी.पी.
- कॉलस्ट्रोल
- जोड़ों का दर्द
- स्त्री रोग
- चमड़ी रोग
- पाचन रोग
- पुरूषत्व रोग
- सांस की एलर्जी
- नशे की आदत
- लीवर व किडनी रोग
- हृदय रोग
- एड्स
- थाईराईड
- घुटनों का दर्द
- नसों की ब्लोकेज
- बवासीर
- न्यूरो रोग



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant

शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श

शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुडाया जाता है

डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहामस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज

बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।

गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।

इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।

अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें

हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।

M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)

राम
muse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road,
Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

# राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत से बनाएगी सरकार : फणीन्द्रनाथ शर्मा

## संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें पदाधिकारी व कार्यकर्ता, प्रदेश संगठन महामंत्री ने ली प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा है कि राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा बहुमत से सरकार बना रही है। खास बात यह है कि तीन बड़े राज्यों में भाजपा अच्छे मार्जन से चुनाव जीतकर सरकार बनाएगी। फणीन्द्रनाथ शर्मा भाजपा जिला कार्यालय में बरवाला व उकलाना विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने तीन चरणों में अलग-अलग विधानसभाओं की बैठकें ली। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए हम लंबे समय तक तैयारी करते हैं परंतु असली तैयारी चुनाव के नजदीक होती है। उन्होंने कहा कि जनता में भाजपा के प्रति काफी उत्साह है और इसी उत्साह व जोश को देखते हुए हमें विश्वास है कि आने वाले समय में हरियाणा की हम सभी 10 लोकसभा सीट जीतेंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता केवल भाजपा में ही अपना भविष्य देख रही है। कांग्रेस में देश का तो दूर, किसी राज्य का भविष्य भी नजर नहीं आ रहा। यही कारण है कि भाजपा इस समय जनता की पहली पसंद बनी हुई है। उन्होंने हलका पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती बारे सुझाव लिए और संगठन को और ज्यादा मजबूत बनाने के निर्देश दिए ताकि बूथ व पन्ना स्तर तक पार्टी मजबूत रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम हमें अवश्य सुनना चाहिए एवं दूसरों को भी सुनने के लिए प्रेरित करना चाहिए। मन की बात कार्यक्रम सुनकर हमें सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष व अन्य वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में जिले का संगठन काफी मजबूत है। समय-समय पर संगठन की ओर से जो निर्देश मिलते हैं, उसके तहत कार्य करते हुए एक-एक कार्यकर्ता चुनावी तैयारियों में लगा हुआ है। जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि प्रदेश संगठन महामंत्री का कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र, वीरचक्र एवं बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने बुक्के भेंट कर स्वागत किया। बैठक में बरवाला व उकलाना विधानसभा में रहने वाले प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य, मोर्चा, विभाग एवं प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष व प्रमुख, दोनों विधानसभा के मंडल पालक, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, शक्ति केंद्र प्रमुख, पन्ना प्रमुख एवं मंडलों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में उपरोक्त के अलावा प्रदेश मंत्री सरोज सिहाग, जिला महामंत्री एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया एवं प्रवीण पोपली, मेयर गौतम सरदाना, बरवाला नगरपालिका चेयरमैन रमेश सरदाना, माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, पूर्व विधायक वेद नारंग, सीमा गैबीपुर, जिला मंत्री रणधीर सिंह धीरू, देवेंद्र शर्मा देव, कृष्ण खटाना व अनिल कैरों सहित बरवाला व उकलाना विधानसभा से भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# व्यापक जनहित की समस्याओं का तुरंत निपटारा करें अधिकारी : डिप्टी सीएम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के प्रति समर्पित सरकार है, जो पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रदेशवासियों के हितों के लिए कार्य कर रही है। वीरवार को हिसार स्थित अपने आवास पर जनसमस्याएं सुनते हुए उन्होंने यह बात कही। आस-पास के जिलों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनते हुए उप-मुख्यमंत्री ने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया और शेष के संबंध में विभागाध्यक्षों से फोन पर बात कर आगामी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि व्यापक जनहित के कार्यों के लिए अधिकारियों को अपने स्तर पर ही त्वरित कदम उठाने चाहिए और ऐसे कार्यों में किसी भी प्रकार की कोई कौताही ना की जाए। डिप्टी सीएम ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास और पूर्ण पारदर्शिता की सोच के साथ प्रदेश में निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिसार में भी हवाई अड्डा सहित अन्य महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त शहर के विकास को लेकर एलीवेटिड रोड़ जैसी कई नई परियोजनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने उकलाना हल्के के ब्याना खेड़ा गांव में ग्रामवासियों से मुलाकात की। इसके उपरांत उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार में कई सामाजिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की। उन्होंने जेजेपी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ केसी बांगड़ की सास के निधन पर शोक व्यक्त किया। डिप्टी सीएम ने अमरदीप कॉलोनी, सेक्टर-15 में आयोजित कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। उन्होंने सेवानिवृत जिला समाज कल्याण अधिकारी के दलबीर पुत्र एवं आईएएस गौरव सैनी के भाई सौरभ को भी शादी के अवसर पर अपने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर डीआईओ अखिलेश व रैडक्रॉस सचिव रविंद्र लोहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जिला बार एसोसिएशन के सालाना चुनाव हेतु चुनाव एवं सह चुनाव अधिकारी नियुक्त

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** जिला बार एसोसिएशन हिसार के सालाना चुनाव हेतु जानकारी देते हुए बार के प्रधान बंसी लाल गोदारा व सचिव मुकेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बार कौंसिल पंजाब एंड हरियाणा के दिशा निर्देशों के अनुसार बार के सालाना चुनाव दिनांक 15 दिसंबर 2023 को होना निर्धारित हुआ है, जिसके लिए दिनांक 20.11.2023 को हिसार बार अधिवक्ताओ की लिस्ट बार कौंसिल में भेजी जा चुकी है, इस सालाना चुनाव के लिए हिसार बार द्वारा राजेश जाखड़ अधिवक्ता को चुनाव अधिकारी और राजबीर सिंह पायल, राजेश शर्मा, मनोज कुमार सैनी, रतन सिंह पानू, राम सिंह सोढ़ी, मीनू शर्मा, विक्रमजीत मित्तल अधिवक्ताओ को सहचुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है, जोकि चुनाव की आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु उचित इंतजाम करेंगे, हिसार बार के सालाना चुनाव में कुल 5 पदों (प्रधान, उपप्रधान, सचिव, सह-सचिव व खजांची के पदों)का चुनाव होना है, वोटर लिस्ट बार काउंसिल की हिदायतों के अनुसार तैयार हो चुकी है। जिसके अनुसार कुल 2348 अधिवक्ता वोटर हिसार बार के सालाना चुनाव में अपना मतदान कर सकेंगे। चुनाव के संबंध में नामांकन आदि के लिए आगामी अधिसूचना चुनाव अधिकारी व सह-चुनाव अधिकारी द्वारा जारी कर दी जाएगी।

# हरिहर योजना के तहत सरकार द्वारा किया जा रहा है अनाथ बच्चों का पालन-पोषण : एडीसी

## बाल देखभाल संस्थानों से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चों को रोजगार, शैक्षिक और वित्तीय लाभ प्रदान करना नीति का उद्देश्य

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** राज्य सरकार द्वारा हरिहर (बेघर, परित्यक्त और समर्पित बच्चे पुनर्वास पहल हरियाणा) नीति शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य बाल देखभाल संस्थानों से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके परित्यक्त और आत्मसमर्पण करने वाले बच्चों को रोजगार, शैक्षिक और वित्तीय लाभ प्रदान करना है। वीरवार को हरिहर पॉलिसी के तहत संबंधित अधिकारियों की बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि अनाथ बच्चों का पालन-पोषण सरकार की ओर से किया जा रहा है। इस कार्य के लिए सरकार ने इस योजना का नाम हरिहर योजना रखा है। इसके तहत बाल गृह में आने वाले ऐसे सभी बच्चों का पालन-पोषण और पढ़ाई का खर्च राज्य सरकार उठाएगी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की उम्र पूरी करने के बाद ऐसे युवाओं को सरकार सीधे पॉलिसी में कवर करेगी और ग्रुप सी और डी की नौकरी दी जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि बाल देखभाल संस्थान में भर्ती किए गए परित्यक्त और आत्मसमर्पण किए गए बच्चों को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास व औद्योगिक प्रशिक्षण और देखभाल के बाद रहना, पुनर्वास और 25 वर्ष की आयु पूरी करने वाले या विवाह जो भी पहले हो, को वित्तीय सहायता प्रदान करना जिन्होंने 5 वर्ष की आयु से पहले (परित्यक्त के रूप में) और 1 वर्ष की आयु से पहले (आत्मसमर्पित के रूप में) संस्थानों में रहते हुए 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। इस पॉलिसी के अंतर्गत आने वाले लाभार्थियों को शादी के समय राज्य में घर खरीदने के लिए एकमुश्त ब्याज मुक्त ऋृण भी दिया जाएगा। अनुकंपा के आधार पर और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की स्थिति पर नौकरियां प्रदान करना भी इस पॉलिसी में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योजना के तहत पात्र आवेदकों के आवेदन करवाने के लिए जिले के सभी बाल देखभाल संस्थानों को हरिहर योजना के योग्य बच्चों से संपर्क कर उन्हें इसके बारे में जागरूक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वे ढंढूर में बनने वाले सीसीआई केंद्र की निर्माणाधीन ईमारत का दिसंबर के पहले सप्ताह में निरीक्षण करेंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा चलाए जा रहे निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करवाने की भी दी हिदायत दी। बैठक में डीपीओ अनिता दलाल, डीएसपी अशोक कुमार, पीओ सुनिता व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में सेमिनार आयोजित

## युवाओं को नशा न करने की दिलाई शपथ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत स्थानीय गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा ने शिरकत की। मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा ने युवाओं को नशा न करने के लिए जागरूक करते हुए बताया कि नशा मुक्ति केवल एक अभियान ही नहीं है बल्कि लोगों की जान बचाने का कार्य है, क्योंकि जो भी व्यक्ति नशें में पड़ जाता है, उसका भविष्य खत्म हो जाता है। उन्होंने बताया कि अभी शादी का समय चल रहा है जहां कम उम्र के युवा भी छोटी-छोटी पार्टी में सोख और एन्जॉय रूप में शराब और बियर, सिगरेट आदि का सेवन करना सीखते है और फिर नशा के ग्रस्त में चले जाते हैं और कई बार तो शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटना होती है। इसलिए शादी, पार्टी, आदि में किसी प्रकार का नशे का सेवन न करें और ना ही नशा करके गाडी चलाएं। उन्होंने शादी का आयोजन करने वाले व्यक्ति, पार्टी हॉल, मैरिज प्लेस के मालिकों से भी यह आह्वान किया कि शादी में किसी भी प्रकार का शराब, हुक्का आदि किसी भी प्रकार के नशे की सटाल ना लगाएं, क्योंकि इन्हीं उपलक्ष्य पर युवा व बच्चें नशा करना सिखते हैं, जिस के बाद वह अन्य नशें करना सीख जाते हैं। उन्होंने बताया कि कितनी भी विपरीत परिस्थिति आ जाए, हमें नशें का साथ नहीं लेना चाहिए। कार्यक्रम में युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलवाई। प्रिंसिपल अशोक कुमार ने बच्चों से नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एनएसएस इंचार्ज तरुण शर्मा, प्रवक्ता अंजलि जागरण, सचिन यादव, डॉ घनश्याम माहिया, सुनील गोदारा सहित एनएसएस एवं एनसीसी के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जीजेयू से समबद्ध बीएड महाविद्यालयों में रिक्त/छोड़ी गई सीटों पर दाखिले के लिए तृतीय कॉलेज लेवल फिजिकल काउंसलिंग 29 नवम्बर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के समबद्ध बीएड महाविद्यालयों में रिक्त/छोड़ी गई सीटों पर दाखिले के लिए तृतीय कॉलेज लेवल फिजिकल काउंसलिंग 29 नवम्बर 2023 को समबद्ध महाविद्यालयों में सुबह 10:00 बजे होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि बीएड दो वर्षीय रेगुलर या बीए-बीएड चार वषीर्य रेगुलर कोर्स में दाखिले के इच्छुक उम्मीदवारों को उपरोक्त काऊंसलिंग में भाग लेने के लिए सम्बंधित महाविद्यालयों में ऑनलाइन आवेदन फार्म की प्रति के साथ 1500 रूपये फिजिकल काऊंसलिंग फीस जमा करवानी होगी व प्रोस्पेक्टस 2023 में निर्देशित सभी जरूरी कागजात मूल रूप में दाखिला कमेटियों को दिखाने होंगे। नए आवेदकों को विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर भी अपना पंजीकरण निर्धारित करना भी आवश्यक रहेगा। अधिक जानकारी के लिए संबंधित उम्मीदवार विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.gjust.ac.in पर या संबंधित महाविद्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।






# आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान ने मनाई सर छोटूराम की 142वीं जयंती



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** गरीब मजदूर किसानों के मसीहा सर छोटू राम की 142वीं जयंती पर आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान की सहयोग से जयंती मनाई गई। इस अवसर पर क्लब के प्रधान कपूर सिंह आर्य ने कहा दुनिया में जो इंसान अच्छे काम करता है वही भगवान है और कोई दुनिया में यह सोचता है भगवान है कहीं धरती पर तो कहीं नहीं है इंसान अच्छे काम करता है वही भगवान मजदूर किसान गरीबों को जीने का हक दिलाया उसी को ही भगवान मानते हैं। हर मजदूर किसान जब किसान खेत में हल जोतता है तो सर छोटू राम का ही नाम लेता है। मजदूर मजदूरी करने जाता है तो अपने औजार उठाने से पहले सर छोटू राम का ही नाम लेकर काम कहता है। आप हमारे मसीहा थे, ऐसे ही इंसान धरती पर आते हैं, इनको ही भगवान कहा जाता है। चाहे राम आए या कृष्णा सब धरती पर अच्छे काम करने के लिए आए थे। उनको ही भगवान कहा जाता है और भगवान कहीं ऊपर आसमान में आया और कहीं धरती पर भगवान नहीं है भगवान तो अच्छे आदमी का नाम है।

# राजकीय महाविद्यालय आदमपुर में रक्तदान शिविर आयोजित, 70 यूनिट रक्त एकत्रित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** राजकीय महाविद्यालय आदमपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आत्म प्रकाश ने किया। शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में 70 यूनिट रक्त रकत्रित किया गया। इस मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को अपने संदेश में प्राचार्य आत्म प्रकाश रक्तदान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य है, जो समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह एक सामाजिक सेवा होती है जो किसी भी मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। रक्तदान करके हम दूसरों के जीवन को बचा सकते हैं और सामाजिक उत्थान में भागीदार बन सकते हैं। रक्तदान का महत्व व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए भी है। रक्तदान करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और रक्त का निर्माण होता रहता है। इससे हमारे रक्तमें नए रक्त को बनाने की क्षमता बनी रहती है और हमें किसी भी तरह की आराम नहीं होता। रक्तदान का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह बहुत सारे लोगों के लिए जीवन बचा सकता है। कई बार ऐसी स्थितियाँ आती हैं जब किसी को बहुत जरूरत होती है रक्त की। चिकित्सक एक अच्छे स्वास्थ्य व्यक्ति का रक्त बहुत जरूरतमंद व्यक्ति को दे सकते हैं और इससे उस व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। प्राचार्य आत्मप्रकाश ने रक्तदान करने वाले विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को प्रोत्साहित किया। इस शिविर में सभी स्टाफ सदस्यों के साथ साथ एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान एनएसएस के प्रभारी डॉ सतीश कुमार, डॉ नरेश कुमार, श्रीमती सुनील कुमारी,बलजीत सिंह, श्याम लाल, डॉ कुलदीप माहिया, किरपा राम बिश्नोई आदि सदस्य मौजूद रहे।

# जीजेयू में निशुल्क स्त्री रोग स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में गुरुवार को विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र व विश्वविद्यालय महिला क्लब के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्त्री रोग स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं शिक्षाविद् डा. वंदना बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस शिविर की मुख्यातिथि पूर्व डिप्टी सीएमओ गुरुग्राम डा. सुमन बिश्नोई रही। सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल हिसार की डा. सरिता कालड़ा व सर्वेश हैल्थ सिटी हिसार की डा. ज्योत्सना कामरा शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। शिविर की संयोजिका वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डा. सरीना हसीजा थी। डा. वंदना बिश्नोई ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को अनदेखा कर देती हैं। यह आगे चलकर कई बार बहुत अधिक खतरनाक हो जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में महिला क्लब की स्थापना महिलाओं को स्वास्थ्य तथा अन्य संबंधित आवश्यकताओं के लिए जागरूक करने के साथ-साथ अन्य सामाजिक कार्यों के लिए भी कई गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए इस प्रकार के आयोजन आगे भी किए जाते रहेंगे। डा. सुमन बिश्नोई ने कहा कि विश्वविद्यालय के महिला क्लब की तरफ से यह एक शानदार प्रयास है। महिलाओं को शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रखकर ही एक स्वस्थ समाज की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरवाइकल केंसर की वजह से हर आठ मिनट में एक महिला जान गवां रही है। सरवाइकल केंसर की रोकथाम के लिए सर्वोवेक वेक्सीन लगाई जाती है। यह वेक्सीन 9 से 45 वर्ष की महिलाओं को लगती है। पेप समीयर टेस्ट स्क्रीनिंग के लिए किया जाता है। उन्होंने इस आयोजन के लिए महिला क्लब व स्वास्थ्य केन्द्र को बधाई दी। शिविर में पेप समीयर टेस्ट एवं रियायती दरों पर सरवाइकल वेक्सीन लगाई गई, जिसमें 100 पेप समीयर टेस्ट किए गए तथा 40 वेक्सीन की खुराक दी गई। इस अवसर पर महिला क्लब की अध्यक्षा प्रो. सुजाता सांघी, डा. वीना छोकर, प्रो. सुमित्रा दहिया, डा. कौशल, डा. नीता, डा. सुनील, डा. अंजु गुप्ता, डा. विनिता, डा. सुमन बहमनी, डा. शबनम, डा. जसप्रीत, प्रो. सोनिका, प्रो. वंदना पूनिया व डा. संध्या गोदारा उपस्थित रहे।

# सैलजा ने किया विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान, सीट हाईकमान तय करेगा

## सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में निकाली जाएगी यात्राएं, हर हलके में पहुंचाया जाएगा राहुल गांधी का संदेश : सैलजा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि वे विधानसभा चुनाव लडने की इच्छुक है पर किस सीट से लडना है यह सीट भी हाईकमान ही तय करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव संपन्न होने के बाद वे प्रदेश की सभी दस लोकसभा क्षेत्रों में यात्राएं निकालेगी जिसके लिए हर नेता को निमंत्रण दिया जाएगा (पर कुछ नेता उन्हें निमंत्रण नहीं देते थे) और राहुल गांधी के संदेश को सभी 90 हलकों की जनता तक पहुंचाया जाएगा।

हिसार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि पांच राज्यों में चुनाव संपन्न होने के बाद वे प्रदेश के सभी दस क्षेत्रों में यात्रा निकालकर जनता को जागरूक करेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कौन सीएम बनेगा और कौन डिप्टी सीएम बनेगा यह नाम पार्टी हाईकमान तय करता है, हम जनता के बीच जाकर कैसे कह सकते है कि मैं सीएम बनूंगा और मैं ही डिप्टी सीएम बनाऊंगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा है पर कहां से लडना है यह सीट भी पार्टी हाईकमान ही तय करेगा। उन्होंने कहा कि सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में यात्रा निकाली जाएगी और सभी विधानसभा क्षेत्रों के लोगों और कार्यकर्ताओं तक राहुल गांधी का संदेश पहुंचाया जाएगा।

पांच राज्यों के चुनाव के मौजूदा हालात को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि पांचों राज्यों में भाजपा बुरी तरह से हार रही है और इन सभी राज्यों में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई काम तो है नहीं क्योंकि कोई काम किया ही नहीं है बल्कि वह मोदी के नाम पर ही वोट मांग रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ईडी टीम को टूल किट के रूप में इस्तेमाल करती है, नेशनल हेराल्ड पर ईडी की कार्रवाई भी इसी का हिस्सा हैं। पनौती शब्द को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देने से पहले वे खूब खुलकर हंसी और बाद में उन्होंने कहा कि आजकल ये शब्द सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राहुल गांधी ने बिना किसी का नाम लिये इस शब्द का प्रयोग किया था पर भाजपा इसे मोदी का अपमान मान रही है।

# फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में हिन्दी, संस्कृत एवं कमर्शियल आर्ट विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भारतीय भाषा उत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में पोस्टर मेकिंग प्रथम प्रीतिए द्वितीय दीपिका तथा तृतीय मनीषा रही। पेटिंग प्रतियोगिता में प्रथम गुरप्रीतए द्वितीय दीपिका रही। स्लोगन लेखन में प्रथम नेहा, द्वितीय ममता रानी तथा तृतीय मुस्कान रही। लोक संस्कृति कला में प्रथम मुस्कान, द्वितीय सोनम तथा तृतीय श्वेता रानी रही। इस अवसर पर प्राचार्या अनीता सहरावत ने पुरस्कृत छात्राओं को बधाई दीए और कहा कि भारतीय भाषा ही हमारी प्राचीन धरोहर है और हमारी पहचान है। भाषा के बिना मनुष्य सर्वथा अपूर्ण है और अपने इतिहास और परम्परा से दूर है। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# सिद्धार्थ इंटरनेशन स्कूल में खेलों में विशेष स्थान पाने वाले खिलाड़ियों का हुआ सम्मान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** एस. जी. एफ. टी. बैडमिंटन द्वारा स्कूलों की राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 से 20 अक्टूबर के मध्य फरीदाबाद में किया गया, जिसमें सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल, हिसार के विभिन्न खिलाड़ियों ने भाग लिया। कक्षा सात के अर्नव बिश्नोई और कक्षा नौ के ईशान ने अंडर-14 की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीते। ईशान का चयन राष्ट्रीय स्तर के ट्रायल के लिए हुआ। इन्हीं खेलों की टीम प्रतियोगिता में अंडर- 17 में कक्षा दस के स्वयं सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। सी. बी. एस. ई. राष्ट्रीय स्तर ऐथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं का आयोजन 5 से 7 नवंबर के मध्य छत्तीसगढ़ में किया गया, जिसमें कक्षा नौ की वंशिका ने अंडर-17 के लड़कियों की भाला फेंक मुकाबले में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों को उनके अभिभावको की उपस्थिति मे विशेष प्रार्थना सभा में सिद्धार्थ स्कूल ने फूल-मालाओं व पदक देकर सम्मानित किया और बधाई दी। मैनेजिंग डारेक्टर श्री अजय सिंह व प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा सिहाग ने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान की।

# सीआर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग में मारी बाजी




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** सीआर पब्लिक स्कूल के 12वी कक्षा के छात्रों ने सीबीएसई नेशनल बॉसिग में बेहतरीन प्रदर्शन किया। राजन ने 51 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अभिषेक ने 64 किलो भार वर्ग मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया, सुषमा ने 51 किलो भार वर्ग में रजत पदक, शिखा ने 60 किलो भार वर्ग मे कांस्य पदक हासिल कर अपने विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया। स्कूल की प्रचार्या श्रीमती सुषमा गोदारा ने बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि वे इसी तरह सफलता की ऊंचाई को छूते जाए। जाट शिक्षण संस्थान के खजांची सागर सिवाच ने बच्चों को उत्साहित करते हुए उन्हें ट्रैकसूट भेंट किए।

# हिसार जिले के बधावड़ में सविधान दिवस 26 नवबर को बड़े धूम धाम से मनाया जाएगा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** हिसार जिले के बधावड़ में सविधान दिवस 26 नवबर को बड़े धूम धाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर लगातार तैयारियां की जा रही है और लोगों की निमंत्रण दिए गए है। यह जानकारी डॉ. बीआर अंबेडकर सेवा समिति गांव बधावड़ जिला प्रधान हिसार विकास कुमार सरोहा प्रधान ने दी। उन्होंने बताया कि संविधान दिवस पर मुख्य अतिथ अतिथि डा. बनवारी लाल कैबिनेट मंत्री सहकारिता व राज्यसभा सांसद कृष्ण पवार होंगे, जबकि सीएम के पूर्व राजनैतिक सलाहाकार पूर्व राज्य मंत्री कृष्णा कुमार बेदी अध्यक्षता करेंगे। विकास कुमार ने बताया कि इस मौके पर सरदार रविंदर बालियान अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग हरियाणा सरकार, श्री सतीश गर्ग विखायात समाज सवी चंडीगढ़, कृष्ण कुमार चोपड़ा सेवानिवृत ईटीओ1 फरीदाबाद, रीना वाल्मीकि प्रधान ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा, सत्यवान सरोहा प्रधान ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा चंडीगड और बहुत से गममान्य व्यक्ति पधार रहे हैं।

# राम शरणम् आश्रम, फतेहाबाद में अमृतवाणी सत्संग एवं प्रवचन 25 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** संत शिरोमणी स्वामी सत्यानंद महाराज एवं भगत हंसराज महाराज (बड़े पिताजी) की असीम अनुकम्पा से कृष्ण महाराज (पिताजी) एवं गुरु मां रेखा के सान्निध्य में 25 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक श्रीराम शरणम् आश्रम, इन्डस्ट्रीज एरिया हिसार रोड, फतेहाबाद में अमृतवाणी सत्संग एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। हिसार आश्रम के सेवादार एल.डी.पोपली ने बताया कि सत्संग के पश्चात नाम दीक्षा दी जाएगी। उन्होंने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि फतेहाबाद में होने वाले इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लें व पुण्य के भागी बनें।

# राजस्थान में व्यापारी वर्ग सत्ता परिवर्तन के मूड में : विपिन गोयल

## जननायक जनता पार्टी की चाबी से खुलेगा राजस्थान विधानसभा का ताला



**पाठकपक्ष न्यूज**

**फतेहपुर, 24 नवम्बर :** राजस्थान का व्यापारी डर और भय के माहौल में जी रहा है यह बात जननायक जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता विपिन गोयल ने जारी एक बयान में कही।विपिन गोयल राजस्थान के फतेहपुर शेखावाटी विधानसभा में व्यापारियों से मिलकर जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी नंदकिशोर मेहरिया के लिए वोटों की अपील की, फतेहपुर में सीधी टक्कर जेजेपी और कांग्रेस के बीच में है। फतेहपुर और रामगढ़ के व्यापारियों ने आश्वासन दिया की वो जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी नंदकिशोर मेहरिया को वोट देकर भारी बहुमत से जिताएंगे और सत्ता में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करेंगे।उससे पहले दिग्विजय चौटाला ने बाजार में डोर टू डोर करके व्यापारियों से वोट की अपील की, व्यापारियों ने दिग्विजय चौटाला का गर्म जोशी से स्वागत किया। रामगढ़ में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा की राजस्थान में किसी भी दल की बहुमत के साथ सरकार नहीं बन रही है ऐसे में जेजेपी की चाबी से ही राजस्थान की विधानसभा का दरवाजा खुलेगा। उन्होंने कहा की सत्ता में हिस्सेदारी आने पर बुढ़ापा पेंशन एक हजार से तीन हजार करवाई जाएगी, गरीब लड़की को पहली कक्षा से पीएचडी तक शिक्षा फ्री दी जाएगी, गांव में ई लाइब्रेरी खुलवाई जाएगी, व्यापारियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# सेक्टर 14 में फ्रेंडस क्लब ने मनाया श्याम बाबा का जन्मोत्सव



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** सेक्टर 14 वासियों द्वारा गठित किये गये फ्रेंडस क्लब ने वीरवार प्रातः सुभाष पार्क में क्लब के प्रधान धर्मेंद्र मलिक की अध्यक्षता में श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया। उपस्थित सदस्यों ने श्याम बाबा की अराधना करते हुए केक काटा। पार्क श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा। केक रुपी प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सेक्टर वासी लीलाधर सोनी, हिमांशु कुकड़ेजा, नितिन लोहिया, सुरेन्द्र बंसल, डॉ. हेमंत दहिया, सन्नी मेहता, अनिल आहुजा, आशीष मेहता, नवीन तनेजा, मुकेश छाबड़ा, रोबिन पाहुजाा, सचिन, गौरव, डॉ. अजित टेलटिया, परविन्द्र तोमर, संदीप त्यागी, अरूण बंसल, हन्नी मेहता, अंकुर गोयल, आनंद गौरव बंसल, ईश झांब, एस.आर. डालमिया, वरूण, संदीप ढींगड़ा आदि उपस्थित रहे।

# छात्र देश के कर्णधार हैं देश की रीढ़ हैं : तपोमूर्ति पृथ्वीराज

## 'शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, धार्मिक, नैतिक संस्कार जरूरी है'



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** अणुव्रत समिति के राष्ट्रव्यापी तीन दिवसीय कार्यक्रम आचार्य महाप्रज्ञ अलंकरण दिवस (जीवन विज्ञान दिवस)के रूप में देवी भवन हाई स्कूल हिसार में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के सुशिष्य तपोमूर्ति मुनि श्री पृथ्वीराज के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अणुव्रत गीत से हुआ। अणुव्रत समिति हिसार के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में और अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती गर्ग ने की व मंच संचालन सतपाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुनि पृथ्वीराज ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में शिक्षा के प्रति छात्र-छात्राओं का रुझान बढ़ा है। वे अध्ययन करके उच्च से उच्च डिग्री प्राप्त करने का प्रयास करते हैं किंतु शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, धार्मिक, नैतिक संस्कार जरूरी है। अभिभावक प्रेशर ना दे अपनी रुचि के अनुसार क्षेत्र में आगे बढने का अवसर दें। अच्छे प्रतिभा संपन्न छात्र हमारे देश के समाज के गौरव हैं। विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब शारीरिक मानसिक भावनात्मक बौद्धिक चारों का संतुलन हो तभी चरित्र का विकास दृष्टिकोण सम्यक संवेगों पर नियंत्रण कर स्वास्थ्य के लिए सुखी जीवन व सहनशीलता का विकास हो सकता है। अणुव्रत विज्ञान जीवन जीने की कला है। जीवन विज्ञान क्या है शिक्षा का नया आयाम है। यह वैज्ञानिक पद्धति सीखने सिखाने में सरल है। छात्र पढ़ाई में डिग्री में अपना विकास करना चाहता है उसमें तीन सूत्र काम करते हैं लक्ष्य सिद्ध हो, सही लक्ष्य स्पष्ट हो, सही संकल्प हो व सही आचरण हो। अणुव्रत व्यक्तित्व निर्माण का कारखाना है। तपोमूर्ति मुनि पृथ्वीराज ने कहा कि संस्कार निर्माण अणुव्रती जीवन विज्ञान विद्यार्थी की सबसे पहली पाठशाला है। परिवार माता-पिता दादा दादी उनको संस्कार देते हैं। बच्चा ज्यादा समय परिवार में रहता है, अच्छे संस्कारों से बच्चों का निर्माण हो सकता है। बड़ों को प्रणाम करना जल्दी सोना जल्दी उठना, मीठा बोलना, मधुर बोलना, ब्रह्म बेला में पढ़ना और गलत संगत में नहीं जाना, नशा नहीं करना, झूठ नहीं बोलना चोरी नहीं करना आदि गुणों से युक्त बच्चा देश का कर्णधार है। इस अवसर पर अनिल जैन उपाध्यक्ष, इंद्रास पांडे, राजकुमार सोनी, होम सिंह और स्कूल का स्टाफ उपस्थित थे।

# हनुमान मंदिर मण्डल ट्रस्ट में देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु के सहस्त्र पाठ एवं भव्य श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** शहर के मध्य स्थित, सिद्ध श्रीहनुमान मन्दिर मण्डल ट्रस्ट, मोती बाजार में देवउठनी एकादशी पर वीरवार की सायं बैकुण्ठ नाथ दरबार में विराजित श्रीहरि विष्णु के सम्मुख, मंदिर के पुजारी पं. राजेश शास्त्री द्वारा विष्णु सहस्त्र स्तवन पाठ किया गया। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रमेश कुमार लोहिया ने बताया कि इस पाठ द्वारा भगवान विष्णु की, उनके हजार नामों द्वारा स्तुति की जाती है व श्रीहरि योग निद्रा से जागते हैं। इसी के साथ ही सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है। इसके बाद रात्रि को श्रीश्याम बाबा का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर को रंग-बिरंगी लाईटों-फूलों व गुब्बारों से सजाया गया था। शहर के प्रसिद्ध भजन गायकों ने सुंदर भजनों द्वारा उपस्थित सैंकड़ों भक्तों को भाव विभोर करके नाचने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर केक काटकर आरती एवं भोग उपरांत प्रशाद वितरण किया गया। पूरा मंदिर प्रभु के जयकारों से गुंजायमान रहा।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कर्नाटक सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ताकि नए निवेश के माध्यम से देश में कंपनी के मौजूदा परिचालन को बेहतर किया जा सके। भारत में टीकेएम के 25 वर्षों के परिचालन पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर के साथ, लगभग 3,300 करोड़ रुपये का यह निवेश एक नए संयंत्र की स्थापना के लिए है। इससे क्षमता में वृद्धि होगी और इस तरह स्थानीय विनिर्माण की पारिस्थितिकी तंत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ नई प्रौद्योगिकी के उपयोग की शुरुआत होगी और सबके लिए मोबिलिटी तैयार की जायेगी। यह भारत में कंपनी का तीसरा प्लांट होगा, जो कर्नाटक में बैंगलोर के पास बिदादी में स्थित है। यह विकास आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र में अपेक्षित वृद्धि को देखते हुए आगे के निवेश और रोजगार सृजन की संभावना भी लाता है। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री मासाकाजु योशिमुरा ने कहा कि भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी कंपनी के रूप में, हम निश्चित हैं कि नए संयंत्र के लिए कर्नाटक सरकार और राज्य सरकार के साथ आज का महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन आगे चलकर रोजगार सृजन के माध्यम से सकारात्मक योगदान देगा और उन्नत स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने का विस्तार करेगा। हम एक विश्व स्तरीय स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे। यह ऊर्जा सुरक्षा में सुधार, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और कार्बन तटस्थता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करके भारत के लिए सर्वोत्तम समाधानों को बढ़ावा देता है।

# ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा में महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 24 नवम्बर :** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा में महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें पीएनबी से सचिव राजेश पसरीचा एवं अग्रणी जिला प्रबंधक विजेंद्र सिंह ने अतिथि के तौर पर शिरकत की। पीएनबी आरसेटी के निदेशक प्रदीप कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया व उनका मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने कहा कि वे अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अपना स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए बैंक से ऋण हेतु आवेदन कर सकती है। उन्होंने बताया कि संस्थान में दिसंबर माह के पहले सप्ताह में फ्रिज व एसी रिपेयर, सेलफोन रिपेयर, मैन सैलून व अन्य निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक अपने दस्तावेज की फोटोकॉपी सहित संस्थान में जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करवाएं।

# रोजगार मेले में नियोक्ताओं द्वारा 140 में से 53 युवाओं को किया गया चयनित

## पुखराज हैल्थ केयर व श्री गणपति बायोटैक ने 7 युवाओं को मौके पर दिए प्रस्ताव पत्र



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** मॉडल कैरियर सेंटर कम मंडल रोजगार कार्यालय में वीरवार को जॉब फेयर का आयोजन किया गया, जिसमें 7 निजी क्षेत्र व स्वयं रोजगार से संबंधित नियोक्ताओं तथा लगभग 140 प्रार्थियों ने भाग लिया। मंडल रोजगार कार्यालय की सहायक रोजगार अधिकारी सुनिल कुमारी ने मेले में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए निजी क्षेत्र में नियक्तियों के प्रति प्रोत्साहित किया तथा सभी नियोक्ताओं को मेले में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा 53 युवाओं को चयनित किया गया, जिसमें से 7 युवाओं को पुखराज हैल्थ केयर व श्री गणपति बायोटैक ने मौके पर प्रस्ताव पत्र दिए। इस अवसर पर रोजगार कार्यालय की ओर से राज सिंह, लाल रत्न, रेखा, कर्मबीर, राजेश, पूनम, किरण व सभी कर्मचारियों द्वारा मेले के सफल आयोजन में पूर्ण योगदान दिया गया।

# सरकार की घोषणाओं का प्रदेश के हर वर्ग को मिल रहा फायदा : कैप्टन भूपेन्द्र

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने की जनहित की व्यापक घोषणाएं

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा की गई घोषणाओं का प्रदेश के हर वर्ग को फायदा मिल रहा है। प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने हर वर्ग के हित में व्यापक घोषणाएं की है।

भाजपा जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को भी प्रदेश की जनता के हित में अनेक घोषणाएं की है। इसके अलावा उन्होंने जहरीली शराब कांड जैसे अवैध कार्यों पर रोक लगाने की दिशा में भी कड़े कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री की घोषणाओं का जिक्र करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा इस वित्त वर्ष में शुरू की गई दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा नामक योजना के तहत सरकार ने 1964 लाभपात्रों को 75 करोड़ 10 लाख रुपया उनके खाते में भेजे हैं। इसके अलावा 1159 और अन्य लाभपात्रों के खाते में 44 करोड़ 48 लाख रुपये की राशि डाली जा रही है जो ऐतिहासिक कदम है। किसी दुर्घटना में परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर ग़रीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा देने के लिए यह योजना चलाई गई थी। इसके तहत पांच अलग-अलग स्लैब बनाकर अलग-अलग आयु वर्गों को एक लाख रुपये से पांच लाख रुपये तक यह सहायता राशि दी जाती है।



जिला अध्यक्ष ने कहा कि यमुनानगर शराब केस में सरकार ने सख़्त कदम उठाते हुए जहां आरोपितों पर केस दर्ज करवाकर उन्हें गिरफ्तार करवाया वहीं उन पर 2.51 करोड़ का जुर्माना भी लगाया गया है, जो उनके लैंड रेवेन्यू से रिकवर किया जाएगा। इस मामले में तीन केस यमुनानगर में और तीन केस अंबाला में दर्ज किए गए हैं, जिनमें मिलाकर 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा चार लोगों को डिफ़ॉल्टर घोषित कर उनके 12 वेंडर जोन, 41 सब वेंडर रद्द किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए कोरोना के समय में दर्ज की गई 8275 एफआईआर वापस लेने का निर्णय लिया है। इनमें कोरोना नियमों के तहत मास्क लगाना, बाहर निकलने जैसे केस शामिल थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की है और इस यात्रा के तहत प्रदेश में 5000 से ज़्यादा कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है। अगले वर्ष 26 जनवरी तक चलने वाली यात्रा में क्लस्टर वार्ड बनाकर कार्यक्रम किए जाएंगे।

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए इन्हें हर वर्ग की हितैषी करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों अंत्योदय तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने व हर वर्ग के हित में काम करने की है।

# श्री श्याम शरणम समिति का प्रथम श्री श्याम वंदना महोत्सव 26 को पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** श्री श्याम शरणम समिति का प्रथम श्री श्याम वंदना महोत्सव आगामी 26 नवंबर को हिसार के पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति प्रधान सुभाष गोयल ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ सायं 4:15 बजे से होगा जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार उमा लहरी जयपुर, शिल्पी कौशिक मुरादाबार, विशाल मित्तल हिसार से श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे और व अपने मधुर भजनों से बाबा को रिझाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक गर्ग झज्जर वाले, गौतम सरदाना, नगर निगम महापौर, तरुण जैन, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा व रमेश लोहिया, कोषाध्यक्ष कटला रामलीला उपस्थित होंगे जबकि अति विशिष्ट के रूप में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के

### विख्यात कलाकार करेंगे श्री श्याम बाबा का गुणगान



सफल आयोजन में प्रधान सुभाष गोयल, शिव कुमार कंसल सचिव, राकेश गुप्ता कैशियर, आशीष बंसल सह कैशियर, राजेश बंसल सह सचिव, कुलदीप ग्रोवर प्रेस सचिव तथा कार्यकारिणी सदस्यों राहुल बंसल, विकास जैन, तुषार सिंगल, सुमित मोदी, रमेश गैदर, प्रशांसत बंसल, बजरंग सिंगल, गिरिश गर्ग, अक्षय जैन, मोहित गोयल आदि का सहयोग रहेगा।

# भारत माता मंदिर में धूमधाम से मनाया तुलसी विवाह व श्री श्याम जन्मोत्सव

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** अध्यात्म व देशभक्ति की अलख जगाने वाले भारत माता मंदिर में तुलसी विवाह व श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव में हिस्सा लेने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु एम सी कॉलोनी स्थित भारत मंदिर में पहुंचे। इस दौरान जय तुलसी माता, जय लक्ष्मी माता एवं जय श्री श्याम के उद्घोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। तुलसी विवाह व श्री श्याम जन्मोत्सव के दौरान पूरे विधि-विधान से हवन एवं मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान जनकल्याण की कामना भी की गई। इस अवसर पर भारत माता मंदिर के संरक्षक अनिल महता, पुजारी पंडित रामकिशोर शुक्ल, मनोरमा गुप्ता, लता सिंगल, इंदु गोयल,



बिमला कथूरिया, मधु बंसल, उमा राजगढ़िया, रेखा अग्रवाल, मीना सिंगल, परवीन अरोड़ा, मिताली, मोनिका, मंजू, संगीता, नितिका, विद्या, रमेश, अनीता, स्वीटी, शिल्पा, मोनिया, चंद्रकांता, कमलेश, राधाकृष्ण कथूरिया व उषा कथूरिया सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर किया रोष प्रदर्शन : गोस्वामी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जन स्वास्थ्य विभाग शाखा द्वारा फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कार्यकारी अभियंता नं.1 के कार्यालय के समक्ष प्रातः 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक दो घंटे का सांकेतिक रोष प्रदर्शन किया किया गया। रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता शाखा प्रधान दीपक लोट ने की व संचालन ब्रांच सचिव विकास गोस्वामी ने किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए शाखा प्रधान दीपक लोट और सचिव विकास गोस्वामी ने बताया कि विभाग में कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कार्यरत सैकड़ों कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय टरकाऊ नीति अपनाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यकारी अभियंता ने अभी तक विभाग में हरियाणा कौशल रोजगार निगम आधीन कार्यरत कर्मचारियों का अनुभव पोर्टल पर दर्ज नहीं किया है।

# लोकसभा व विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी आम आदमी पार्टी

## सुरेश गोयल क्रांतिकारी को सौंपी हिसार ब्लॉक प्रभारी की जिम्मेवारी

### हिसार, बरवाला, उकलाना, नलवा, हांसी, आदमपुर व नारनौंद के प्रभारी नियुक्त

**पाठकपक्ष न्यूज**

**बरवाला, 24 नवम्बर :** आप के राष्ट्रीय महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने प्रदेश में सगंठन का विस्तार करते हुए पूर्व जिला पार्षद व व्यापारी नेता सुरेश गोयल क्रांतिकारी को हिसार विधानसभा/ ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी प्रकार एक ब्लॉक से चार प्रभारी बनाने की कड़ी में विजय लोरा, एडवोकेट विरेन्द्र शर्मा व रेनू चहल को भी हिसार ब्लॉक का प्रभारी बनाया गया है। आप के राष्ट्रीय महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक द्वारा जारी सूची में आदमपुर विधानसभा/ ब्लॉक में रविन्द्र श्योराण, संजय बूरा, सतबीर झांझड़िया व उमेश शर्मा को ब्लॉक प्रभारी की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसी प्रकार उकलाना विधानसभा में वीना कतीरा को तो बरवाला विधानसभा/ब्लॉक में नरेन्द्र खन्ना, सविता बड़ेसरा, शमशेर श्योराण, सोहन लाल को ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी कड़ी में हांसी से बलबीर सिंह, धर्मबीर कुगंड़, ओमप्रकाश व सुभाष लोहान व नारनौंद से आयुष खटखड़, अशोक शर्मा, दलबीर किरमारा व रामफल कंमाड़ो को ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया है। एक ब्लॉक में चार प्रभारियों को जिम्मेवारी सौंपने की कड़ी में नलवा विधानसभा क्षेत्र में डा. शक्ति चौधरी, रमेश गोड़िल्य, संजय सातरोड़िया व उजाला माहेश्वरी को प्रभारी बनाया गया है। इस नियुक्त के तुरन्त बाद नव नियुक्त हिसार विधानसभा प्रभारी सुरेश गोयल ने कहा है कि आम आदमी पार्टी द्वारा विधानसभाओं में ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के तुरन्त बाद जब जल्द ही सर्कल स्तर और गांवों में कमेटियों का गठन व उनकी घोषणा भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आप पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सांसद डॉ. संदीप पाठक व प्रदेश अध्यक्ष सांसद डॉ. सुशील गुप्ता की अगुवाई में प्रदेश में संगठन विस्तार के लिए बैठकों का दौर जारी है। पार्टी की नीतियों को गांवों और बूथ स्तर पर पहुंचाने के लिए संगठन का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आम आदमी पार्टी नए कलेवर व तेवर के साथ नजर आएगी।

# फिरोज़ गांधी मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय ने किया ग्याहरवीं व बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए साइंस क्विज का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**आदमपुर, 24 नवम्बर :** फिरोज़ गांधी मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय, आदमपुर में नजदीकी क्षेत्रों के स्कूलों में ग्याहरवीं व बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए साइंस क्विज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आदमपुर व अग्रोहा ब्लॉक के एजुकेशन ऑफिसर ने शिरकत की। कॉलेज के प्राचार्य श्री आत्म प्रकाश ने स्कूल से शिरकत करने वाले बच्चों को शुभकामनाएं दी। साइंस क्विज में ऑर्गेनाइजर सेक्रेटरी की भूमिका कुलदीप महिया और कन्वीनर की भूमिका विनोद प्रकाश ने निभाई।



आदमपुर व अग्रोहा ब्लॉक से सात स्कूलों की 23 टीमों ने क्विज में भाग लिया। प्रथम व द्वितीय स्थान पर शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल आदमपुर के विद्यार्थियों ने कब्जा जमाया व तृतीय स्थान संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी आदमपुर की टीम ने प्राप्त किया। इस क्विज को साइंस सोसायटी एफजीएम गवर्नमेंट कॉलेज द्वारा आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य उच्च शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को साइंस विषय पढ़ने के लिए प्रेरित करना था। क्विज के दौरान प्राध्यापक श्यामलाल, संदीप, जितेंद्र मनदीप, नरेन्द्र, मुनीश व प्राध्यापिका रेनू, सुमन, प्रिया, आशा, सोनिया, संजू, शिल्पा मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी में सिद्धार्थ ने पाया दूसरा स्थान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** नोबेल पुरस्कार विजेता मैडम मैरी क्यूरी की याद में कॉलेज ऑफ़ बेसिक साइंस और मानविकी एवं चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की तरफ से रसायन विज्ञान पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें 'किसानों के लिए रसायन विज्ञान' विषय पर कक्षा 9वी से 12वीं तक के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी में कुल 20 स्कूलों ने भाग लिया, जिसमें सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा दसवीं के रचित मेहरा, कक्षा ग्यारहवीं की कनिष्का और कक्षा 12वीं के राघव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था द्वारा सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया गया। सिद्धार्थ प्रबंधन समिति ने इन सभी विजेताओं को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अजय सिंह और प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा सिहाग ने विजेताओं को शुभकामनाएं प्रदान की।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गयागुरु पर्व



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार में गुरु नानक देव जी की पावन जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र बहुत ही सुंदर पारम्परिक सिक्ख पोशाक पहन कर आए। इस प्रार्थना सभा में छात्रों द्वारा गुरु नानक जी के जीवन व उनकी शिक्षाओं को भाषण के माध्यम से बताया गया। तत्पश्चात विद्यालय में प्रभात फेरी भी निकाली गई, जिसका नेतृत्व पंज प्यारों द्वाराकिया गया। गुरु नानक देव जी की झाँकी से 'जो बोले सो निहाल सत् श्री अकाल' और 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतह' की मधुर ध्वनि गूंज उठी। इसके माध्यम से बच्चों ने शांति और भाईचारे का संदेश दिया। इसके उपरांत सभी को कड़ा प्रशाद वितरित किया गया। प्रकाशोत्सव के इस शुभ अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्याडॉक्टर कविता जाखड़ ने सभी को गुरु पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को हमेशा जो सत्य, कर्म, सेवा और सौहार्द का रास्ता दिखाया, हमें उनके द्वारा दिखाएरास्ते पर चलते हुए सभी का भला सोचना चाहिए और जरूरत मंद कीहर संभव सहायता करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को गुरु नानक देव के जीवन से सीख लेने का भी संदेश दिया।

# श्रद्धा सुमन



प्रिंसीपल श्री पी.एन. कॉल

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

कलम से विशेष प्यार रहा बचपन से स्कूल तक, पहली से आठवीं तक शिक्षकों तक चहेता रहा और पहले-दो तीन विद्यार्थियों में गिनती भी रही। पर नौवीं कक्षा में नॉन-मेडिकल लेकर भूल कर बैठा और एक साल खराब हुआ। पर जैसे ही मैंने संघर्ष करके 1966 में दयानन्द कॉलेज हिसार में प्रवेश किया तथा इतिहास विभाग के प्रिंसीपल श्री पी.एन. कॉल ने मेरी सुष्पत नाड़ी को जगा दिया और फिर मैं कक्षा में प्रथम स्थान पाकर जीवन के सुहावने मोड़ पर आ गया। पंजाब यूनिवर्सिटी के उप-कुलपति श्री सूरजभान जी के कर-कमलों द्वारा इतिहास में प्रथम पुरस्कार वार्षिक उत्सव 1968 में दयानन्द कॉलेज के मंच पर पाया और गर्व महसूस किया। इसने मेरे जीवन में रंग भर दिये और मुझे आगे बढ़ने की राह दिखा दी। कॉल साहब का ओजस्वी दमकता चेहरा, गड़गड़ाती हुई दमदार गम्भीर आवाज स्वामी विवेकानन्द जी की तरह तथा सादा जीवन, अनुशासन बहुत कुछ मुझे इनके सान्निध्य से प्राप्त हुआ। ये 1950 में दयानन्द कॉलेज हिसार में जम्मू कश्मीर के बारामुल्ला क्षेत्र से आए थे तथा इनका जन्म 20 दिसम्बर, 1922 को कश्मीर की वादियों में हुआ। इन्होंने पढ़ाते हुए कभी हाथ में पुस्तक ना ली और अपने आप में ये शख्स हमारी भाषा में सदैव हमसे बात करता रहा। तथा बच्चों को तराशने का हुनर इनके पास था। कक्षा में अच्छे बच्चों को साहस भरता था। सामान्य ज्ञान, निर्णय लेने की क्षमता, अच्छा वक्ता तथा बहुआयामी प्रतिभा का धनी था। इनका मेरा लगभग 50 वर्ष 1966 से लेकर इनके अंतिम सफर 24-11-1985 तक पत्रों के आदान-प्रदान द्वारा या फोन पर बात. चीत करके मधुर संबंध रहे। 1972 में एक फिल्म 'पाकिजा' भी इनके साथ दिल्ली के 'गोलचा' सिनेमा हाल दरियागंज में देखी। तत्पश्चात फिल्म खत्म होने के बाद हम दोना. बेगम अख्तर जो कि हिन्दुस्तान की पांच गायिकाओं में से एक थी के मखमली ठुमरी तथा गजल सुनने प्रगति मैदान, दिल्ली के खुले प्रांगण में साथ-साथ आनंद उठाया। इनके साथ मैंने कॉलेज में और बच्चों के साथ गुजरी महल हिसार तथा अग्रो. हा का टीला कहो या मंदिर भी देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हम सभी विद्यार्थियों ने साइकिलों पर ही पिकनिक बनाई, समोसे खाए तथा हमारी भारतीय संस्कृति को कॉल साहब ने समझाया। वो स्मृतियां आज भी मेरे मन में बसी है। इनके हाथ के लिखे पत्रों को मैंने आज भी ऐसे संभाल कर रखा हुआ है जैसे कि ये मेरे चरित्र के प्रमाण पत्र हो तथा अनेक दोस्तों को दिखाकर आज भी आनन्द अनुभव करता हुं। मुझे ये सदा प्रिय सुदर्शन कहकर पुकारा करते थे। पत्रों में कबीर जी के दोहे तथा अच्छे कवियों के शब्द भेजते थे। जिनके कारण मुझे जीवन की आसान राहें मिली। मुझे दुर्गम काज सारे संवरते चले गए और आज भी दयानन्द कॉलेज के पूर्व आचार्य श्री इन्द्रजीत सिंह नाहल आज भी 88 वर्ष की आयु में मेरा मार्गदर्शन कर रहे हैं, ज्ञान के दीपक को जला रहे हैं। कॉल साहब महाव. ीर स्टेडियम में 26 जनवरी को सब स्कूल कॉलेजों के बच्चों, एन.सी. सी. कैडेटस, दयानन्द कॉलेज, गवर्नमेंट कॉलेज के छात्र-छात्राओं को संभाल कर अनुशासन में प्रशासन के सामने, मुख्यमंत्री तथा मुख्यातिथियों के सामने सलामी देते थे। मंच संचालन का कॉल साहब का विशिष्ट मनमोहक अंदाज हिसार वाले कभी भूल नहीं सकते। कॉल साहब का जीवन शिक्षक के रूप में हिसार से आरम्भ हुआ तथा दयानन्द कॉलेज हिसार में ही रिटायर हुए। ये यहां से पदोन्नति पाकर पहली बार पुण्डरी कॉलेज में प्रिंसिपल बने तथा फिर 1970-83 तक दयानन्द कॉलेज अम्बाला में भी रहे। हिसार सेवानिवृत होने के बाद अंतिम समय में डी.ए.वी. कॉलेज मैनेजिंग कमेटी दिल्ली में कोषाध्यक्ष के पद पर भी अवैतनिक कार्य करते रहे। जीवन को शिक्षा और ज्ञान में बिताया। जहां रहे वहीं रोशनी लुटा कर गए। प्रारम्भिक दिनों में जब ये दयानन्द कॉलेज हिसार में लगे दो महीने तक लाला फिरोजीलाल जी सर्राफ मोती बाजार वालों के घर रहे और उन्होंने दोनों समय का खाना तथा इनके ठहरने की उचित व्यवस्था भी करी थी। उस समय पंडित देवराज जी संधीर वकील, श्री बलदेव तायल जी तथा शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों से इनका अच्छा सम्पर्क था। सादा खानपान, हवन, वेद पुराण में विश्वास रखते थे। कक्षा में पढ़ाते पढ़ाते कभी जम्मू कश्मीर की वादियां, डल झील की सैर भी करा देते थे। इनको कई भाषाओं का ज्ञान था। साइकिल चलाने का शौक था, पुस्तकों से प्यार था। इनका आखिरी पत्र मुझे 20-12-2000 को प्राप्त हुआ था और ये इनका जन्मदिन भी था। उन्होंने मुझे 250/- रुपये का चैक भी भेजा था कि बच्चों के फल बांट देना और घर में खुशियां मनाना आदि आदि। कॉल का पत्र आज भी मेरे पास सुरक्षित है तथा 250/- रुपये का चैक आज भी संभाल कर रखा हुआ है।

**यूं तो सफर मिलते रहे कई, पर कॉल साहब जैसा शिक्षा नहीं मिला कोई।**



**-सुदर्शन गुप्ता**
भूतपूर्व छात्र दयानन्द कॉलेज, हिसार
मो. : 92554-09732
साभार -कविता कॉल, दिल्ली










**Name Change**

I, Rakesh Kumar S/o Sh. Jagdish R/o H. No. 63-B, Near Surya Nagar, Shiv Colony, Hisar, Distt. Hisar (Haryana) declare that I have changed my name from Rakesh Kumar to RAKESH for all future purpose.
- Deponent

**बेदखली सूचना**

मैं, रामसिंह पुत्र श्री जयलाल, निवासी मामनपूरा, तह. हांसी, जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र सुनील कुमार व उसकी धर्मपत्नी मधु तथा मेरा दूसरा लड़का अनिल कुमार व उसकी धर्मपत्नी मिनाक्षी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
-शपथकार

**WORK FROM PHONE**

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000

# राजस्थान में भाजपा स्पष्ट बहुमत से बनाएगी सरकार : तरुण जैन

## 25 नवंबर को राजस्थान में होने वाले चुनाव के संदर्भ में भाजपा कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने व्यक्त की राय



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने दावा किया है कि राजस्थान में भाजपा की लहर है और भाजपा ही स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने वार्ता के दौरान कहा कि विभिन्न विश्लेषणों से स्पष्ट हो चुका है कि राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में जनता कमल का ही बटन दबाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जनता की भलाई के लिए बहुत सी कल्याणकारी योजनाएं शुरू की लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इन योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचने ही नहीं दिया। जैन ने कहा कि हाल ही में राजस्थान में चुनावी प्रचार के दौरान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने स्पष्ट रूप से कहा भी है कि राजस्थान से कांग्रेस सरकार की विदाई इसलिए भी जरूरी है कि ताकि यहां केंद्र सरकार की हर योजना तेजी से लागू हो सके। नरेंद्र मोदी जी ने कहा है कि अशोक गहलोत जीवन में कभी दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे। प्रधानमंत्री जी की यह भविष्यवाणी एकदम सही साबित होगी क्योंकि गहलोत ने जनविरोधी नीतियों के कारण राजस्थान को दशकों पीछे धकेल दिया है। इसलिए जनता अब इन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने का मौका नहीं देगी।

कोषाध्यक्ष तरुण जैन ने कहा कि राजस्थान में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और बहन-बेटियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इतना ही नहीं कांग्रेस सरकार में राजस्थान में भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। इन समस्याओं के समाधान एवं सुशासन के लिए राजस्थान की जनता ने भाजपा में विश्वास जताने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की रैली व कार्यक्रमों में जिस तरह से जनसैलाब उमड़ा है, उसे देखते हुए कोई दो राय नहीं रह गई है कि जनता हर तरह से भाजपा के साथ है।

जैन ने कहा कि माताओं-बहनों के मुंह से यही बात सुनाई देती है कि गहलोत जी कोनी मिलै वोट जी। दरअसल राजस्थान की मातृशक्ति भी सरकार में बदलाव चाहती है। उन्हें पता है कि राजस्थान का विकास भाजपा के सत्ता में आने पर ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी व विकासपरक नीतियों के चलते राजस्थान में ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों में जनता भाजपा में विश्वास जता रही है।

# ओबीसी समाज प्रदेश में जातिगत जनगणना की मांग को लेकर 17 फरवरी को रोहतक में करेगा गर्जना रैली



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** ओबीसी समाज ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार ओबीसी की जातीय जनगणना से भाग रही है। इसके साथ ही उन्होंने मांग की है कि प्रदेश में जातीय जनगणना होनी चाहिए। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए हनुमान वर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष एफएसएके गर्जना सेना हरियाणा ने कहा कि 17 फरवरी को ओबीसी समाज रोहतक में गर्जना रैली करेगा। इसके लिए सामाजिक जागरूकता यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा की शुरुआत 26 नवंबर को दीप प्रज्वलित कर महम से की जाएगी। यह यात्रा, हिसार, सोनीपत, भिवानी व रोहतक लोकसभा सीटों को कवर करेगी। यात्रा को लेकर 31 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। इसमें तेजबीर सैन, सुरेंद्र पांचाल, महेंद्र पांचाल व अन्य सुरेश प्रजापति, गणेशी लाल, सुरेश सैन, अशोक आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब पशु पक्षियों की गणना हो सकती है तो जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई जा रही है। इससे समाज की अलग अलग जातियों का सही आंकड़ा सामने आ जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान वर्मा ने बताया कि आपसी विचार विमर्श कर के शीघ्र ही संगठन में नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। हनुमान वर्मा ने बताया कि गर्जना रैली का आयोजन एफएसएके गर्जना सेना हरियाणा सामाजिक न्याय (ओबीसी) अति पिछड़ा वर्ग द्वारा किया जा रहा है। इस रैली में 7 सूत्रीय कार्यक्रम रखा जाएगा जिसमें ओबीसी की जातीय गनगणना से क्यों भाग रही है भाजपा इसका जवाब मांगा जाएगा। 33 प्रतिशत महिला राजनीतिक कोटे में (ओबीसी) महिलाओं का अलग कोटा क्यों नहीं? 127वां संशोधन कर मजबूत जातियों को (ओबीसी)में डालने का षडयंत्र क्यों कर रही है शासक जातियां? मैडम जी रोहिणी आयोग की रिपोर्ट (श्रेणी विभाजन) क्यों दबाएं बैठी है भाजपा? क्रीमीलेयर 2016 पर सुप्रीम कोर्ट और केंद्रीय सरकार के कानून को राज्य सरकारे क्यों नहीं मान रही इसमें किसी षडयंत्र की आशंका। हरियाणा सरकार प्रथम व द्वितीय श्रेणी में 16 व 11 की रेशो पर भर्ती क्यों नहीं कर रही? अति पिछड़े वर्ग को भाजपा व कांग्रेस हरियाणा में 25 सीटें विधानसभा तथा 3 सीट लोकसभा (रोहतक, हिसार व करनाल) में टिकटें देकर चुनाव लड़ाए आदि शामिल हैं। प्रेस कांफ्रेंस में हनुमान वर्मा के अलावा महेंद्र पाल ओबीसी रोहतक, प्रताप सिंह जांगड़ा, कृष्ण दुग्गल, अशोक वाल्मीकि, अशोक बिश्नोई अध्यक्ष ब्रांडेड थॉट्स संस्था, देवेंद्र वर्मा एडवोकेट, संजय सैन, जयपाल बागड़ी जेपी आदि भी मौजूद रहे।

# किसान कॉलोनी के श्री श्याम मंदिर में हवन, ब्रह्मभोज, भंडारा, कीर्तन व स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** श्री श्याम मंदिर में समय-समय पर एवं विभिन्न अवसरों पर विशेष पूजा व कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में बारस एवं श्री श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर किसान कॉलोनी के श्री श्याम मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। श्याम बाबा के फूलों से सजे हुए भव्य दरबार को देखकर श्रद्धालुगण अभिभूत हो गए। इस दौरान मंदिर परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। इस शिविर में डॉ. रमेश कुमार ने लोगों को एक्यूप्रेशर की निशुल्क सुविधाएं उपलब्ध करवाई और सवेरा मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की डॉ. शहनाज अजय कुमार ने दांतों की जांच निशुल्क करके उचित परामर्श प्रदान किया। इस शिविर में 90 लोगों ने लाभ उठाया। श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के संयोजक जगदीश तायल व महंत गोकुलदास ने बताया कि प्रातःकाल श्याम बाबा की आराधना करके हवन का आयोजन किया गया। इस हवन कार्यक्रम में किसान कॉलोनी व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। हवन के उपरांत ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया। दोपहर को अटूट भंडारा लगाया गया।

# भगवान से मांगों केवल भक्ति : संत पुरुषार्थानंद

## कुंजलाल गार्डन में प्रभात फेरी का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** संत पुरुषार्थानंद के नेतृत्व में कार्तिक माह में नगर में विभिन्न स्थानों पर चल रही प्रभात फेरी की कड़ी में आज प्रातः कुंजलाल गार्डन में संजय गाबा के संयोजन में सत्संग-कीर्तन किया गया। उपस्थित सैंकड़ों श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए संत पुरुषार्थानंद ने कहा कि भगवान के दरबार में जब भी जाना हो उनसे केवल भक्ति मांगों। जिस भी मनुष्य का मन भक्ति में लग गया, समझो उसे सब कुछ मिल गया। इस मौके पर संजय गाबा, ज्योति गाबा, अतुल गाबा, कृतिका आदि ने संत पुरुषार्थानंद का माल्यार्पण करके स्वागत किया। सत्संग में सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा बाडोपट्टी टोल से सैंकड़ों ट्रैक्टर ट्राली लेकर पंचकूला जाएंगे किसान मजदूर : सरदानन्द राजली

## कल बाडोपट्टी से बाईक जत्था निकालकर 26 नवम्बर की तैयारी को लेकर जनसमपर्क अभियान चलाया जाएगा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** बाडोपट्टी टोल कमेटी ने आज टोल से लगते गांव में जनसमपर्क अभियान चलाया और जनसभा की लोगों ने बड़ी संख्या में जाने का आश्वासन दिया। बाडोपट्टी टोल कमेटी प्रधान सरदानन्द राजली ने जारी एक प्रेस ब्यान में बताया कि किसान आंदोलन के लंबित मुद्दों के समाधान के लिए 26 से 28 नवंबर को राजभवन पड़ाव,चंडीगढ़ की तैयारी के लिए आज सभी गांवों में किसान मजदूर संगठन ने मिलकर जनसभा की। किसानों ने बाडोपटी टोल ने 26 नवम्बर को चंडीगढ़ जाने की पूरी रणनीति बनाई,सैंकड़ों ट्रैक्टर लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्यां में चंडीगढ़ की तरफ कूच करेंगें। अपने ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर चंडीगढ़ पहुचेंगे।हर गांव से ट्रैक्टर लेकर किसान-मजदूर हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में 72 घंटे का पड़ाव 26- 27- 28 नवंबर को डालने के लिए चलेंगे।न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद की कानूनी गारंटी। फसल खराबे के मुआवजे व बीमा क्लेम तुरंत जारी करो। श्रम कानून मजबूत करो और लेबर कोड रद्द करो।बिजली बिल संशोधन वापिस लो और स्मार्ट मीटर लगाने बंद करो।मौजूदा विनाशकारी नीतियों की जगह पर विकल्प की नीतियों के लिए संघर्ष तेज करने के लिए तीन दिन के पड़ाव में चलो चंडीगढ़। किसान मजदूर अब सांझी लड़ाई लड़ेंगें। किसान आंदोलन दोबारा शुरु होगा ये केवल 72 घंटे की हमारी ट्रायल है आंदोलन की। खेत मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा का कानून और मनरेगा काम के दिन व दिहाड़ी बढ़ाओ। किसानों का कर्ज़ा मुक्त करो। जातिवाद व सांप्रदायिक भावनाओं से सचेत रहते हुए अपने सामाजिक सद्भाव को बचाते हुए संविधान,धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र की हिफाजत के लिए सभी किसान, मजदूर, कर्मचारी, महिला, छात्र-युवा राजभवन कूच के लिए 26 नवंबर को पंचकूला चलो। कल बाडोपट्टी से बाईक जत्था निकालकर जनसमपर्क अभियान चलाया जाएगा सरसौद, बिछड़ी, जेवरा, बर्की खेड़ी, राजली, पंघाल, खानपुर, सिंधड, गुराणा, बधावड़, खरकपुनिया, ढाड आदि गांवों में बाइक जत्थे द्वारा जनसमपर्क अभियान चलाया जाएगा। आज गांव बालक, पाबड़ा, कंडूल, चमार खेड़ा, खैरी, किनाला, फरीदपुर, दौलतपुर, बुढ़ा खेड़ा, सुरेवाला, बिठमड़ा, हसनगढ़ बोबुआ आदि गांवों में जनसमपर्क अभियान चलाया गया। आज इस जनसमपर्क अभियान में रोहतास राजली, ऋषिकेश राजली, सत्यवान रेड्डू बालक, रणबीर रेड्डू, प्रताप नम्बरदार, बलबीर सिंह नम्बरदार, डाक्टर मनजीत कुंडू, मुकेश कुमार कंडुल, सुनील कुंडू, रणजीत खैरी, ओसर सरपंच फरीदपुर, सतबीर सुरेवाला, बलबीर सुरेवाला, मियां सिंह बिठमड़ा, ईश्वर एडवोकेट, मास्टर जगदीश हसनगढ़, राजा मैम्बर, लीला जट्ट, सुनील कुमार, बसाऊ राम, सोनू आदि शामिल रहे।

# श्रीश्याम बालाजी सेवादार मण्डल ने नई सब्जी मंडी में बारस पर चलाया 12वां भंडारा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** श्रीश्याम बालाजी सेवादार मण्डल की ओर से हर माह बारस पर चलाये जाने वाले भंडारा की कड़ी में आज दोपहर पूर्व नई सब्जी मंडी में दुकान नम्बर 75 पर 12वां मासिक भंडारा चलाया गया। संस्था के प्रधान सुरेन्द्र बालान ने बताया कि सौरभ शर्मा कमेटी व सुरेश कुमार ने श्याम बाबा को भोग लगाकर भंडारे की शुरुआत की। भंडारे में समाजसेवी प्रदीप कुमार व कपिल बालान विशेष रुप से उपस्थित हुए। असंख्य लोगों ने भंडारे में प्रशाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एन.के.गोयल, सरपरस्त सुशील गोयल, संरक्षक प्रवीन अग्रवाल, प्रधान सुरेन्द्र बालान, सुमित कुकड़ेजा, अरुण सेठी, प्रवीन सहारण, ललित सैनी, सुभाष सैनी, प्रदीप गोयल, अमनदीप, शम्मी बालान, हैप्पी बालान, संदीप जांगड़ा, राजेन्द्र सैनी, डॉ. संजय सैनी, हैप्पी सैनी, सुधीर राठौड़, अनुज बिश्नोई, सोनू जांगड़ा, निशांत, सागर सैनी, दीपक मिश्रा, राजू, पारुल कुमार, गुलशन गाबा, रोहित, सुरेन्द्र छोटू, अरुण बालान आदि मौजूद रहे।

# जत्थेदार सरदार सुखसागर सिंह ने जिला प्रशासन से की गुरुपर्व पर जिले के सभी स्कूलों में अवकाश लागू करने की मांग, उपायुक्त कार्यालय में पत्र सौंपकर उठाई मांग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य जत्थेदार सरदार सुखसागर सिंह ने श्री गुरु नानक देव जी जयंती (गुरुपर्व) के अवसर पर 27 नवंबर को हिसार जिले के सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से अवकाश लागू करने के लिए उपायुक्त कार्यालय में एक पत्र सौंपा। जत्थेदार स. सुखसागर ने पत्र के माध्यम से उपायुक्त से मांग की कि 27 नवंबर को गुरुपर्व के अवसर पर हिसार जिले के कुछ स्कूलों ने अवकाश घोषित नहीं किया है हालाँकि सभी सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ पीएसयू बैंकों ने गुरुपर्व के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन गुरुपर्व के अवसर पर हिसार जिले के निजी स्कूलों सहित सभी स्कूलों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर स. दलवेंद्र सिंह प्रधान गुरुद्वारा सिंह सभा मॉडल टाउन, स. दीदार सिंह, स. हरजीत सिंह, स. जीत सिंह, स. तेज सिंह, स. अमरजीत सिंह, स. अमित मूझाल आदि भी मौजूद रहे।

# आर्य समाज लाला लाजपत राय चौक का 137वां वार्षिक उत्सव हवन-यज्ञ के साथ शुरू

## शहर में निकाली भव्य शोभा यात्रा, आर्य समाज की संस्थाओं के विद्यार्थियों ने किया रोमांचक प्रदर्शन









**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** पंजाब केसरी शेरे पंजाब लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित नगर की ऐतिहासिक और प्रतिष्ठित आर्य समाज का 137 वां वार्षिक उत्सव का आज यज्ञ हवन से हुआ जिसके मुख्य यज्ञमान समाज के प्रधान चौ. हरी सिंह सैनी रहे। कार्यक्रम में डॉ. बलवीर आर्य प्रोफेसर दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक और कैलाश कर्मठ भजनोपदेशक विशेष रूप से उपस्थित हुए हैं। वेद प्रचार अधिष्ठाता स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ने बताया कि हवन यज्ञ के पश्चात उत्सव का विधिवत उद्घाटन आर्य समाज के प्रधान चौ. हरि सिंह सैनी द्वारा ओ3म् ध्वज का ध्वजारोहण करके किया गया। इसके उपरांत शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें आर्य समाज नगर की संस्थाएं आर्य नगर गुरुकुल, कन्या गुरुकुल डोभी, गुरुकुल धीरणवास, कन्या गुरुकुल घिराय, स्त्री आर्य समाज, डीएवी के स्थानीय विद्यालय, गुरुकुल पंचगामा, भिवानी की कन्याएं व गुरुकुल विद्यापीठ कुंभा खेड़ा के ब्रह्मचारी लाठी, तलवार और व्यायाम, आसन आदि का रोमांचक प्रदर्शन किया। शहर में जगह-जगह शोभा यात्रा का फूलों से स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में भजन मंडलियों द्वारा समाज सुधार, ईश्वर भक्ति व देश भक्ति गीत भी गाए गए। इस भव्य शोभा यात्रा में अनेक महापुरुषों स्वामी दयानंद, लाला लाजपत राय, रानी लक्ष्मी बाई की झांकियां प्रदर्शित की गई। यह शोभा यात्रा सी.ए.वी. हाई स्कूल से चलकर नगर के विभिन्न बाजारों में झांकियों का प्रदर्शन व नगर कीर्तन करती हुई आर्य समाज लाजपतराय चौक पर संपन्न हुई। ब्रह्मानंद सरस्वती ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस उत्सव में रात्रि कालीन बैठक व प्रातः कालीन सत्रों का आयोजन किया जागा। इस उत्सव में सामाजिक, धार्मिक और देशभक्ति से संबंधित विषयों पर विद्वान और उपदेश अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। स्वामी जी ने बताया कि उत्सव का समापन दिनांक 26 नवंबर को दोपहर 1:00 बजे होगा। समापन के पश्चात ऋषि लंगर की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर संरक्षक बदलूराम आर्य, प्रधान हरिसिंह सैनी, नरेंद्र पाल मिगलानी, देवेंद्र सैनी, सत्यप्रकाश गोयल, ओमप्रकाश सैनी, ब्रह्मानंद सरस्वती, महाबीर खेड़ा, सतेंद्र रावल, राधेश्याम आर्य, बलराज मलिक, नंदलाल चौपड़ा व कुलदीप ग्रोवर समस्त प्रबंधकर्त सभा एवं सदस्यगण आर्य समाज आदि मौजूद रहे।

# सर्व समाज मोक्ष धाम ट्रस्ट, 12 क्वार्टर में मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प 26 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 24 नवम्बर :** सर्व समाज मोक्ष धाम ट्रस्ट, 12 क्वार्टर के तत्वाधान में 26 नवम्बर को मोक्ष धाम आश्रम में मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। सहयोगी संस्थाएं ग्रीन हिसार फिट हिसार और प्रयत्न एनजीओ के सहयोग से लगाये जाने वाले इस मेगा कैम्प में अनेक अनुभवी व वरिष्ठ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। ट्रस्ट के प्रवक्ता ने बताया कि कैम्प में डॉ. पुनीत गोयल मेडिसिन, डॉ. मीनाक्षी बंसल महिला रोग विशेषज्ञ, डॉ. नेहा गोयल दंत चिकित्सक, डॉ. चेतना बंसल त्वचा रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंकित मदान हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुनील सैनी बवासीर रोग विशेषज्ञ, डॉ. अजीत टेलटिया बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. नरेश जांगड़ा फिजियोथैरेपिस्ट, सत्यपाल अग्रवाल लाइफ काउंसलर आदि रोगियों की निःशुल्क जांच करेंगे व उचित परामर्श देंगे।









प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।